'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'
# समाचार गेट
City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform
News app, Online E-Paper, News Portal, Youtube, Facebook, Instagram, Twitter, Tumbler, Reddit
वर्ष 1, अंक 10 पेज 8 रविवार 10 मार्च, 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

### मनोहर सरकार ने नूंह जिले के लिए फिर खोला सौगातों का पिटारा

# मेवात इलाके के विकास के लिए लगभग 700 करोड़ रूपए की करी घोषणाएं

**शिक्षा के लिए खोला खजाना, 1504 स्थानीय युवाओं को एचकेआरएन के तहत अध्यापक पद के लिए ऑफर किये जॉब लेटर ।**

**गुरुकुल/मदरसों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से रजिस्ट्रेशन कराकर दी जाएगी आर्थिक सहायता।**

**शहीद हसन खां मेवाती के नाम पर शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज में चेयर होगी स्थापित ।**

**जिला नूंह के ऐतिहासिक गांव घासेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित।**

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रतिमा का अनावरण कर किया नमन।**

**गांव घासेड़ा में बने पार्क का किया उद्घाटन और खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की।**

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बार एसो. नूंह में चैंबर निर्माण कार्य का किया शिलान्यास।**

**जिला बार एसोसिएशन नूंह को 21 लाख व उपमंडल बार एसोसिएशन तावडू, पुन्हाना व फिरोजपुरझिरका को क्रमश: 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की।**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने नूंह जिले के लिए लगभग 700 करोड़ रूपए की विकासात्मक परियोजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि इस इलाके की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पूरा विकास करवाया जाएगा। पिछली सरकारों की तरह इस क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। मुख्यमंत्री शनिवार को नूंह जिले में शहीद राजा हसन खां मेवाती के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा की पिछली सरकारों ने वर्षों तक मेवात के लोगों को केवल वोट बैंक के लिए उपयोग किया, उनकी सुध कभी नहीं ली और इस इलाके की खुशहाली के लिए कुछ नहीं किया। वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के बाद वर्तमान सरकार ने हरियाणा एक हरियाणवी एक के मूल मंत्र पर चलते हुए पूरे प्रदेश में एक सामान विकास सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि चाहे मेवात में राजनैतिक फायदा न हो फिर भी जो काम मैंने अपने विधान सभा क्षेत्र करनाल में किया, मेवात में भी वही करके दिखाया है। आज तक कोई मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल में शायद ही 5-6 बार आया होगा लेकिन मेरा 9 वर्षों में यह 11 वां दौरा है।

मेवात के लिए किये गए विकास कार्यों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में लगभग 5000 करोड़ रूपए के विकास के काम यहां करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आपको कुछ मांगने की जरूरत ही नहीं है । वो जानते हैं कि मेवात के लोगों कि जरुरत क्या हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीद राजा हसन खां मेवाती के नाम पर शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज, नूहं में शोध के लिए चेयर स्थापित करने की घोषणा की। साथ ही पूर्व विधायक और राज्य वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में विकास कार्यो के लिए शहीद हसन खान मेवाती के नाम से 5 सदस्यीय समिति बनाने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, सेम की समस्या से निपटने के लिए 2 करोड़ रूपए के राशि से 18 ट्यूबवेल की स्थापना, पशु पॉलीक्लिनिक की स्थापना के लिए 10 करोड़ रूपए, सिंचाई के तहत माइक्रो प्रोजेक्ट और सौर ऊर्जा के कामों के लिए 18 करोड़ रूपए, गुडगाँव नहर राजस्थान बीकानेर के साथ पुल निर्माण व चौड़ीकरण सहित अन्य पुनर्वास कार्यों के लिए 43 करोड़ रूपए, 33 तालाबों के सौन्दर्यीकरण और पुनर्स्थापना के लिए 64 करोड़ रूपए, 20 इ-लाइब्रेरी की स्थापना, 150 करोड़ की लागत से तावडू का पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, फिरोज़पुर झिरका, तावडू सब डिविजन. कार्यालय, नूंह सचिवालय का अतिरिक्त खंड की स्थापना, पहले से संचालित 7 राजीव गाँधी खेल स्टेडियम के सभी सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के लिए 10 करोड़ रूपए मंजूर करने सहित सडक़ एवं आधारभूत ढांचा विकास के कार्यों के लिए करोड़ों रूपए मंजूर करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि बिना मांगे नगीना पंचायत के लिए 1 करोड़ रूपए की राशि आज ही प्रदान की गई है। मांडीखेड़ा स्थित 100 बिस्तर के अल-आफिया जिला अस्पताल को अपग्रेड करके 200 बिस्तर किया जायेगा। इसके अलावा, गांव और कस्बों में स्वास्थय केंद्रों की स्थापना के लिए विभाग सर्वे करवाएगा और आवश्यकता अनुसार अगले 6 महीनों में यह सुविधा प्रदान की जाएगी। मनोहर लाल ने कहा कि गुरुकुल और मदरसों को हरियाणा शिक्षा बोर्ड से रजिस्ट्रेशन कराकर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जो भी गुरुकुल/मदरसा आधुनिक शिक्षा के लिए हरियाणा बोर्ड के साथ जुड़ेगा, उसको 50-80 बच्चों की संख्या पर साल के 2 लाख रुपया, 81-100 बच्चों की संख्या होने पर 3 लाख, 101-200 बच्चे होने पर 5 लाख और 200 से अधिक बच्चे होने पर 7 लाख रुपये प्रति वर्ष की दर से सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने 1504 स्थानीय युवाओं को एचकेआरएन के तहत अध्यापक पद के लिए वर्चुअली जॉब लेटर भी प्रदान किये। उन्होंने कहा कि पुन्हाना और फ़िरोज़पुर झिरखा का कॉलेज बहुत जल्दी शुरू किया जायेगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ करें मज़बूत**

उन्होंने कहा कि मेवात के भाईचारे को बिगाडने. के लिए बहुत से लोग आएंगे लेकिन आप लोग उनकी बात न सुने। शहीद राजा हसन खां मेवाती की तरह अपने अंदर देशभक्ति का भाव रखें और बच्चों में भी देशभक्ति की भावना पैदा करें। मुख्यमंत्री ने आने वाले लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मज़बूत करने की अपील करते हुए कहा कि जो गारंटी मोदी जी ने दी है उसे पूरा करने का दायित्व मेरा है। साथ ही उन्होंने आने वाले रमजान महीने के लिए भी बधाई और शुभकामनायें दी।

**पोषण पखवाड़ा का भी किया शुभारम्भ**

इस अवसर पर मनोहर लाल ने महिला एवं विकास विभाग द्वारा 9 से 23 मार्च 2024 तक चलाये जाने वाले पोषण पखवाड़ा का भी शुभारम्भ किया। इसका उद्देश्य पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जान भागीदारी के माध्यम से स्वस्थ भोजन की आदतों को बढ़ावा देना है। इसके तहत नूह ज़िले के 4 ब्लॉक में 6 महीने से 5 साल की आयु के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को आर्थोनट प्रदान किया जायेगा।

**अब नूंह में भी 24 घंटे मिलेगी बिजली, अपने बिल अवश्य भरें**

मनोहर लाल ने लोगो से बिजली के बिल भरने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में 5900 गांव में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। मेवात इलाके के लोग भी अगर केवल पिछले 1 साल का बिल भरते हैं तो अगले महीने से सम्बंधित गांव में 24 घंटे बिजली मिलेगी।

शहीदों को नमन करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि नूहं ज़िले के ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान ने जम्मू-कश्मीर में मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके बलिदानों और योगदानों को भारत के लोगों द्वारा आज भी याद किया जाता है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को जिला नूंह के ऐतिहासिक गांव घासेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की करीब साढ़े आठ फुट उंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 19 दिसंबर 1947 के आह्वान को मानते हुए आपने अपना मातृ वतन छोड़ा नहीं और सच्ची देशभक्ति का परिचय दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मेवात की कौम को देशभक्ति की रीढ़ की हड्डी बताते हुए उन्हें पाकिस्तान जाने से रोका था। उन्होंने यहां की कौम को पूरा मान-सम्मान व उनका हक दिलाने का आश्वासन देते हुए उनसे हिंदुस्तान में ही रहने की अपील की थी, जिसकी बदौलत यहां की अवाम ने देशभक्ति का परिचय देते हुए यही बसे रहने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मैं जब भी घासेड़ा गांव से गुजरता हूं तो महात्मा गांधी को तो नमन करता ही हूं, साथ ही घासेड़ा व मेवात के लोगों को भी सलाम करता हूं कि जिन्होंने अपनी देशभक्ति का सच्चा जज्बा दिखाते हुए यही भाईचारे के साथ रहने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि घासेड़ा गांव वीरों व नौजवानों का गांव है, इसलिए वे इस गांव में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा करते हैं। खेल स्टेडियम बनने से युवाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढने. का अवसर मिलेगा और युवा शक्ति का दिशा में उपयोग होगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्राम पंचायत घासेड़ा में एक पार्क का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि इस पार्क से यहां के स्थानीय लोगों को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा। बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं व युवा अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर यहां सुबह-सायं सैर करके अपने स्वास्थ्य को निरोगी बनाने में सक्षम बनेंगे। इससे पहले गांव घासेड़ा में पहुंचने पर गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का फूल-मालाओं से व पगड़ी बांधकर परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को न्यायालय परिसर नूंह में जिला बार एसोसिएशन द्वारा बनाए जाने वाले एडवोकेट चैंबर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि अब अन्य जिलों की भांति नूंह में भी वकीलों को चैंबर की सुविधा मुहैया हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन नूंह को 21 लाख रुपए व उपमंडल बार एसोसिएशन तावडू, पुन्हाना व फिरोजपुरझिरका को क्रमश: 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस अवसर पर अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चैंबर बनने से यहां के वकीलों को केस की तैयारी करने हेतु एक सुव्यवस्थित माहौल मिलेगा। चैंबर का निर्माण करवाना यहां के वकीलों की पुरानी मांग थी। इनके निर्माण से निश्चित तौर पर वकीलों को सहूलियत मिलेगी। लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले चैंबर भवन में करीब 115 कमरे बनाए जाएंगे, जहां 230 अधिवक्ता बैठकर अपने केसों की तैयारी कर सकेंगे। चैबर्स में वकीलों को पेयजल, बिजली, शौचालय आदि के साथ-साथ गोपनीयता व सुरक्षा की भी सुविधा रहेगी। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन नूंह के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर सोहना से विधायक संजय सिंह, राई सोनीपत से विधायक मोहन लाल बडौली, कामा राजस्थान से विधायक नौक्षम चौधरी, हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन, जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद, उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा, एचकेआरएन के सीईओ अमित खत्री व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, जिला अध्यक्ष भाजपा नरेंद्र पटेल, पूर्व विधायक नसीम अहमद, पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद, भाजपा जिला नूंह के प्रभारी समय सिंह भाटी, भाजपा युवा नेता ताहिर हुसैन, एमडीए नूंह के पूर्व अध्यक्ष खुर्शीद राजाका, मीडिया एडवाइजर सीएम राजीव जेटली सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता व अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बाबा-ए-कौम चौधरी मो. यासीन खान नामक पुस्तक का किया विमोचन

**चौधरी मौ. यासीन खान जैसी शखसियतें कभी-कभार ही पैदा होती हैं : मनोहर लाल**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शनिवार को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने मेवात दौरे पर गाँधीग्राम घासेड़ा में यासीन मेव डिग्री कॉलेज के प्रिंसीपल डॉश एजाज अहमद द्वारा लिखित तथा मेवात एजूकेशन बोर्ड द्वारा प्रकाशित पुस्तक बाबा-ए-कौम चौधरी मोश यासीन खान नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक की मेवात एजूकेशन बोर्ड व ऑल इंडिया मेवाती पंचायत के अध्यक्ष चौश ज़ाकिर हुसैन व डॉश ऐजाज अहमद ने मुख्यमंत्री को इसकी एक प्रति भेंट की। इस पुस्तक में बताया गया है कि मेवात के मसीहा चौधरी मौश यासीन खान ने मेवातियों के मुश्किल समय में जैसे:- 1932 का अलवर आंदोलन हो या 1947 के सांप्रदायिक दंगे हों या फिर मेव कौम को 1947 में पाकिस्तान जाने से रोकने का मामला हो। हर समय अपनी जान की बाजी लगाकर मेवों को पाकिस्तान जाने से रोका तथा उन्हें हर तरह की सुविधाएँ सरकार से प्रदान कराने का भरोसा दिलाया। चौधरी मौहम्मद यासीन खान 19 दिसंबर 1947 को महात्मा गाँधी व उनके अन्य साथियों को लेकर मेवात के ऐतिहासिक गाँव घासेड़ा में आए और उन्होंने पूरी मेव कौम को पाकिस्तान रोकने का सफल प्रयास किया।

हालांकि इसके लिए उनके तथा उनके परिवार को अंग्रेजों द्वारा बहुत सारी यातनाएं दी गईं, मगर चौधरी यासीन खान अपने मकसद से पीछे नहीं हटे। आजादी के बाद भी चौधरी मौश यासीन खान पूरी मेवात की 36 बिरादरी को उनके विकास तथा तरक्की के लिए प्रयास करते रहे तथा आगे बढने के लिए दिशा-निर्देश देते रहे।

आज मेव कौम तरक्की की जिस ऊंचाईयों को छू रही है, उसमें बिलाशक़ चौधरी मौश यासीन खान का बहुत बड़ा योगदान है।

# पीएम का हरियाणा के प्रति विशेष लगाव, एक महीने के भीतर यह दूसरा अवसर जब प्रधानमंत्री 11 मार्च को हरियाणावासियों से होंगे रूबरू : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पीएम के आगमन स्थल पर की जा रही तैयारियों का लिया जायजा, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा के प्रति विशेष लगाव है। फरवरी माह में रेवाड़ी जिला में एम्स की आधारशिला रखने के बाद एक महीने के भीतर यह दूसरा अवसर है जब प्रधानमंत्री 11 मार्च को द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्धघाटन करने गुरूग्राम आ रहे हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को प्रधानमंत्री के आगमन स्थल पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करने उपरांत मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को नूह जिला में आयोजित एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उपरांत सीधे गुरूग्राम पहुँचे। इस दौरान उन्होंने डीसी निशांत कुमार यादव व सीपी विकास अरोड़ा सहित आयोजन में प्रतिनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के निर्धारित कार्यक्रम के बिंदुवार कार्यक्रम स्थलों पर की जा रही तैयारियों की जानकारी हासिल की।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान द्वारका एक्सप्रेस वे के चार लेयर ट्रम्पेट हिस्से, हेलीपैड व जनसभा स्थल का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसभा में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। आयोजन स्थल पर सभी के लिए पेयजल, शौचालय, पार्किंग, भोजन सहित बैठने की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।

**11 मार्च को सड़क मार्ग से होगा पीएम का गुरूग्राम आगमन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुरूग्राम में अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सड़क मार्ग से होते हुए बजघेड़ा बॉर्डर पर हरियाणा सीमा में प्रवेश करेंगे। जहां हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल सहित अन्य विशिष्टजन द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री गांव बसई के नजदीक ही द्वारका एक्सप्रेसवे पर उनके स्वागत के लिए उपस्थित नागरिकों का अभिवादन स्वीकार कर, द्वारका एक्सप्रेस वे के चार लेयर ट्रम्पेट हिस्से का पैदल निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत प्रधानमंत्री सेक्टर 84 में द्वारका एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर उपस्थित जनमानस को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री के अवलोकन के लिए आयोजन स्थल पर द्वारका एक्सप्रेस वे पर आधारित और हरियाणा में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट की विकास गाथा पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा नेता चौ. जाकिर हुसैन की माता जी को दी श्रद्धांजलि

### भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नूँह निवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री, करीब आधे घंटे तक परिवार के लोगों से की बातचीत

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शनिवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मेवात दौरे पर आए। घासेड़ा में महात्मा गाँधी की प्रतिमा व पार्क के उद्घाटन के बाद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नूँह निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी व पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन की धर्मपत्नी स्व: श्रीमती जमीला बेगम को ख़िराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश तथा परिवार के दुख में शामिल हुए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन व उनके परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि स्व: जमीला बेगम की सादगी, सरलता और उनके द्वारा गरीबों, मजलूमों व बेसहारा लोगों के लिए किए गए कार्य व प्रयास सराहनीय हैं। वे अपने द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए हमेशा याद की जाएंगी। बड़े परिवार से होते हुए भी उनमें जो सादगी और भलाई थी, उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। वे इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं। स्व: जमीला बैगम बहुत ही मिलनसार, सरल स्वभाव की धनी व जनसेवा करने वाली महिला थी। जमीला बेगम जैसी दयावान महिलाएँ सदियों में पैदा होती हैं। मेवात क्षेत्र को उनके जाने से बहुत बड़ी क्षति हुई है। उन्होंने अपने पूरे परिवार को पढा लिखाकर इस काबिल बनाया है कि आज पूरा परिवार मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के पदचिन्हों पर चलकर पूरे मेवात क्षेत्र चाहे वे हरियाणा हो या राजस्थान 36 बिरादरी के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि मरहूम चौश मौश यासीन खाँ, मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन व स्व: जमीला बेगम के द्वारा किए गए मेवात क्षेत्र के लोगों के लिए अथक प्रयासों के लिए मेवात के लोग हमेशा इस परिवार के कर्जदार रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री व विधायक मोहनलाल बड़ोली, विधायक संजय सिंह, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल,समाजसेवी सरदार एस मलिक, ऐमिनेंट पर्सन संजय गर्ग बिट्टू, श्रीमती नसीमा हुसैन एडवोकेट, युवा भाजपा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट, मनोज कुमार मलाई, जमील पटवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष हाफिज मौश शाद, वकील सरपंच टेरकपुर आदि के अलावा सैंकडों गणमान्य मौजूद रहे।



# 'जन-आक्रोश रैली' में दिखेगा फरीदाबाद की जनता का भाजपा के प्रति आक्रोश : उदयभान

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने रैली स्थल का दौरा कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने शनिवार को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेक्टर-12 स्थित (इंडियन ऑयल के सामने) ग्राउंड में रविवार को होने वाली 'जन-आक्रोश रैली' की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने रैली स्थल पर पहुंचकर जहां मंच की व्यवस्थाओं को देखा वहीं लोगों के बैठने, पंडाल के टैंट, एंट्री प्वाइंट आदि की भी रैली आयोजक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला से क्रमवार जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों के समक्ष दावा किया कि लखन सिंगला के संयोजन में होने वाली यह रैली फरीदाबाद में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने का काम करेगी और रैली में पहुंचने वाले हजारों-हजारों की संख्या में लोगों की हाजिरी भाजपा सरकार के खिलाफ सही मायनों में जनाक्रोश देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि लोगों में आज सरकार के प्रति जबरदस्त गुस्सा है, हरियाणा आज बेरोजगारी, महंगाई में नंबर एक राज्य बन गया है, प्रदेश में 33 बार पर्चे लीक होना युवाओं के साथ धोखा है, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, प्रापर्टी आईडी को हथियार बनाकर सरकार लोगों को तंग कर रही है, उनकी पेंशन व राशन कार्ड काटे जा रहे है, जिससे गरीब लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ तक मिलना बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 4800 स्कूलों को बंद कर दिया गया, जबकि दो लाख से ज्यादा पद खाली पड़े है, उन पर नियुक्तियां कब की जाएगी। उदयभान ने कहा कि आज हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है, कानून व्यवस्था का दिवाला निकला हुआ है, वर्षो पुरानी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष को दिनदिहाड़े गोली से उड़ा दिया जाता है तथा छह कांग्रेस के विधायकों से भी फिरौती मांगी गई, इससे साबित होता है कि सरकार पूरी तरह से मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा के लोक लुभावने वायदे में आने वाले नहीं है और देश व प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरका बनाने का मन बना चुकी है। इस मौके पर उन्होंने भाजपा सरकार पर वार करते हुए मोदी की गारंटियों को मात्र जुमला करार देते हुए कहा कि राहुल गांधी जी ने जो पांच गारंटी देश के लोगों को देने का वायदा किया है, उनसे लोगों का सही मायनों में कल्याण होगा क्योंकि चुनाव से पूर्व नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी तो जनता के समक्ष मात्र जुमला ही साबित हुई है। न तो लोगों के हाथों में 15 लाख पहुंचे है और हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार मिला है। कांग्रेस पार्टी की पहली गारंटी ही युवाओं को रोजगार देने की है क्योंकि राहुल गांधी की सोच है कि देश में 25 साल से कम उम्र वाले हर ग्रेजुएट को उनकी पहली नौकरी गारंटी के तौर पर मिलेगी वहीं कांग्रेस की दूसरी और तीसरी गारंटी युवाओं को प्रशिक्षण मुहैया कराने और स्टाइपेंड देने की है। युवाओं को सरकार की ओर से प्रशिक्षण और 1-1 लाख रुपये का स्टाइपेंड मिलेगा। चौथी गारंटी पेपर लीक नहीं होना सुनिश्चित करने की है. वहीं उनकी पांचवीं गारंटी स्टार्टअप और फंड को लेकर है. इसके तहत गिग वर्कर्स के लिए सोशल सिक्योरिटी सुनिश्चित की जाएगी। रैली के संदर्भ में चौ. उदयभान ने कहा कि रैली संयोजक लखन सिंगला पुराने कांग्रेसी नेता है, जो कि लोगों के सुख-दुख में अपनी भागेदारी निभाते रहते है और उनके संयोजन में आयोजित यह रैली ऐतिहासिक होगी। इस मौके पर रैली संयोजक व कांग्रेसी नेता लखन सिंगला ने कहा कि इस रैली की सफलता को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार बौखला गई है इसलिए वह रैली के होर्डिंग, बैनर व पोस्टर फाडने. पर उतारू हो गई है, लेकिन सरकार व प्रशासन कितने ही प्रयत्न कर ले, इस रैली को कामयाब होने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि इस रैली में समूचे फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से हजारों लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर जनविरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ बदलाव की हूंकार भरेंगे। इस अवसर पर फरीदाबाद के प्रभारी आफताब अहमद, पूर्व संसदीय सचिव कुमारी शारदा राठौर, पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, पूर्व विधायक ललित नागर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह, गुलशन बगगा, अनिल नेताजी, विनय भाटी सहित अनेकों कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बल्लभगढ़ को अब मिलेगी जाम से निजात, 150 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का हुआ शिलान्यास

**केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया शिलान्यास**

**बल्लभगढ़ के रेलवे पुल को 7 लाइन पुल बनाया जाएगा, साथ ही इस पुल के नीचे से कई अंडरपास दिए जाएंगे**



**समाचार गेट/जितेंद्र वत्स**

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को बल्लभगढ़ शहर के लोगों को एक और बड़ी सौगात देते हुए करीब डेढ़ सौ करोड़ की लागत से बल्लभगढ़ सब्जी मंडी रेलवे पुल का नारियल तोडकर शिलान्यास किया। इस मौके पर केंद्र राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि करीब डेढ़ सौ करोड रुपए की लागत से बल्लभगढ़ के रेलवे पुल को 7 लाइन बढ़ाया पुल बनाया जाएगा। इस परियोजना में पुल का विस्तार चार लेन से सात लेन करने के साथ-साथ इस पुल के नीचे से कई अंडरपास भी दिए जाएंगे। इससे बल्लभगढ़ में जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा और सडक़ हादसों में भी कमी आएगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार ने सडक़ों के निर्माण में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब भाजपा सरकार आई तो दिल्ली-मथुरा एकमात्र हाईवे था और उस पर भी लाईटें नहीं थी। इसके बाद इस हाईवे को छह लेन किया गया और नई फ्लाईओवर का निर्माण किया गया। इसके अलावा दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और कैलगांव से नूंह तक के रास्ते को तो काफी समय पहले यातायात के लिए खोल दिया गया था। इसके साथ ही फरीदाबाद-जेवर एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि शनिवार को जिस कार्य की आधारशिला रखी है उसमें फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पलवल जिला में आने वाले मित्रोल में 50 करोड़ व मुंडकटी में 30 करोड़ की लागत से अंडरपास बनाया जाएगा। उन्होंने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को भी इन कार्यों के लिए मेहनत करने पर बधाई दी। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। चारों तरफ रोड, पुल व अंडर पास बनाए जा रहे हैं। बल्लभगढ़ के तो हालात इस कदर है कि बल्लभगढ़ के तो चारों तरफ रोड के जाल बन रहे हैं। इस सडक़ तंत्र के मजबूत होने से यहां से आने-जाने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी और जाम की स्थिति का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में नेशनल हाईवे से चंदावली पुल तक एलिवेटेड पुल बनाया जाएगा इससे ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र के लोगों को भी आवागमन में आसानी होगी। इसके साथ ही बल्लभगढ़ के बाजार में लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी। इस अवसर पर फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता, टिपरचंद शर्मा, गोपाल शर्मा, हर प्रसाद गौड़, राकेश गुर्जर, मुकेश डागर, लखन बैनीवाल, दयानंद यादव, कैलाश वशिष्ठ, गजेंद्र वैष्णव, अनुराग गर्ग, सुखबीर मलेरना, अनूप नागर, प्रेम खट्टर, जीतराम रावत, कार्तिक शर्मा, नीलम, अंबिका, नवीन शर्मा, कार्तिक शर्मा, अभिषेक दीक्षित सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# रवि शर्मा पांचवी बार बने जेजेपी इनसो जिलाध्यक्ष



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में जेजेपी और इनसो के जनाधार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रवि शर्मा को पांचवी बार जेजेपी इनसो जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। रवि शर्मा ने अपनी इस नियुक्ति पर जेजेपी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला,उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला,जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव दिगविजय सिंह चौटाला और इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल का आभार जताया है। रवि शर्मा ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनपर जो आस्था और विश्वास जताया है वे उसे ताउम्र टूटने नहीं देगें और पार्टी और इनसो में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोडकर उसे मजबूती प्रदान करेगें। रवि शर्मा ने कहा कि जेजेपी एक ऐसी पार्टी है जिसमें जमीन से जुडे ईमानदार,कर्मठ और मेहनती कार्यकताओं को हमेशा मान सम्मान मिलता है जो दूसरे कार्यकताओं में भी काम करने का जोश भरता है।

# प्रवीण चंदीला बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** युवा भाजपा नेता प्रवीण चंदीला को भाजपा युवा मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर प्रवीण चंदीला ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा सहित सभी शीर्ष भाजपा नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपीं है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और युवा संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। श्री चंदीला ने कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों के मद्देनजर युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता गांव-गांव शहर-शहर जाकर दस वर्षो के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई योजनाओं के बारे में लोगों को जागरुक करेगा ताकि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में फिर से मोदी-मनोहर की सरकारें जीत की हैट्रिक लगा सके।

# महिलाओं का समाज की उन्नति में अहम योगदान है : वेणुका विजय प्रताप



**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हरियाणा यूथ कांग्रेस ने सैकड़ो महिलाओं को सम्मानित किया**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** महिलाओं का समाज की उन्नति में अहम योगदान है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता। अर्थात जहां महिलाओं को सम्मान मिलता है, पूजा होती है देवता वहीं निवास करते है। हमारी संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोच्च है किसी भी पूजा अथवा शुभ कार्य महिलाओं की भागीदारी के बिना अधूरा ही रहता है। यह विचार हरियाणा यूथ कांग्रेस द्वारा आयोजित किए गए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए वेणुका विजय प्रताप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक हरियाणा यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मयंक चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक खिलाड़ी कंचन लखानी, किकबॉक्सिंग की जानी-मानी खिलाड़ी ट्विंकल, उड़ान आईएएस की जयश्री चौधरी सहित कई महिला पत्रकारों और वकीलों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि यूथ कांग्रेस की तरफ से पूरे प्रदेश में महिलाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि महिला कांग्रेस जल्द पूरे देश में महिला यात्रा निकालने जा रही है। मयंक चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का जुमला पूरे देश में उछाल रही है जबकि जमीन पर महिलाओं के साथ बहन बेटियों के साथ रोजाना अत्याचार हो रहा है। शहर के मेट्रो पार्क में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में शहर की पुरानी सामाजिक संस्था मिशन की महिला टीम को विशेष रूप से समाज सेवा में अच्छा काम करने के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्ण अत्री,फरीदाबाद विधानसभा अध्यक्ष प्रणव शर्मा, एनआईटी फरीदाबाद अध्यक्ष मुश्ताक़ ख़ान,बडख़ल विधानसभा अध्यक्ष सागर कौशिक,राहुल सरदाना, जिला उपाध्यक्ष ईसांत कथूरिया जिला महासचिव सहित युवा कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सतयुग इंस्टीच्यूट टैक्रोलॉजी में हुआ फेस्ट विरासत-2024 का आयोजन




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सतयुग दर्शन इंसटिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी फरीदाबाद में वार्षिक सांस्कृतिक फेस्ट विरासत 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारम्भ प्रो.(डा.) वीरेशदत्ता (आई .आई .टी.दिल्ली) के कर कमलों द्वारा हुआ। मुख्य अतिथि डा. वीरेश दत्ता ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को प्रोत्साहित किया। कर्नल .राजीव गुप्ता (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सतयुग दर्शन) ने डा. दत्ता का धन्यवाद करते हुए अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को सम्बोधित किया । छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा व रचनात्मकता का परिचय विविध गतिविधिओं यथा नृत्य, गायन, नाट्य कला व रैंप वाक द्वारा दिया। प्रसिद्ध कलाकार अदनान अहमद द्वारा गायन व बैंड की अद्भुत प्रस्तुति दी गयी। इस लाइव प्रस्तुति का सभी ने आनंद उठाया । कॉलेज के दस वर्ष पुराने सभी कार्यकर्ताओं को उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया अंत में कर्नल राजीव गुप्ता ने फेस्ट को सफल बनाने के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों व अन्य कार्यकर्ताओं का धन्यवाद् करते हुए आगामी वर्षों में और आगे बढने. के लिए प्रोत्साहित किया ।

# गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए 77072 मामले, 07 करोड़ 27 लाख 92 हजार रुपये से अधिक का हुआ सेटलमेंट



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें सिविल, बैंक रिकवरी, अपराधिक एवं वैवाहिक सहित अदालतों में लम्बित विभिन्न मामले रखे गए। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम ललिता पटवर्द्धन ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सह-अध्यक्ष श्री एसपी सिंह के मार्गदर्शन में ज़िला में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। श्रीमती ललिता पटवर्धन ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए 26 बेंच जिला न्यायालय में तथा एक-एक बेंच पटौदी व सोहना स्थित उपमंडल स्तरीय न्यायालय में लगाई गयी थी। उन्होंने बताया कि आज आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में गुरुग्राम ज़िला कोर्ट के कुल एक दिन में सभी श्रेणी के 86880 के क़रीब मामलों को लिया गया था। जिसमें 77072 मामलों का निबटारा किया गया और 07 करोड़ 27 लाख 82 हजार 964 रुपए का सेटल्मेंट हुआ। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की सभी बेंच में एक एक पैनल अधिवक्ता को नियुक्त किया गया था, जो लोक अदालत के दौरान मौजूद रह कर समझौता तैयार करने में न्यायालयों और डीएलएसए की मदद कर रहे थे।

# नाबार्ड का तुरंग मेला भा रहा है आमजन को

**कृषि उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य सामग्री की लगाई है प्रदर्शनी**

**रविवार को शाम 8 बजे होगा समापन**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** सिविल लाइंस स्थित जिला परिषद स्वतंत्रता सेनानी सभागार में नाबार्ड की ओर से आयोजित तुरंग मेले में जिला के प्रगतिशील किसानों के उत्पादों को काफी पसंद किया जा रहा है। इस मेले का समापन दस मार्च रविवार को किया जाएगा। नाबार्ड के उप महाप्रबंधक मानवप्रीत सिंह ने बताया कि कृषि उत्पादकों और खरीददारों के बीच सीधा तालमेल करवाने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें गुरूग्राम जिला के 45 एफपीओ और सेल्फ हेल्प ग्रुप भाग ले रहे हैं। इस मेले में प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों की भी प्रदर्शनी लगाई गई है। मेले के आयोजन में सेल्फ हेल्प ग्रुप को प्रोत्साहन देने वाली संस्थाएं एसएफएससी व ओएनडीसी सहयोग दे रहे हैं।

उन्होंने एफपीओ मालिकों को कहा कि वे ग्राहक की आवश्यकता के अनुसार उत्पाद की गुणवत्ता, ब्रांडिंग, नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं श्रेष्ठ कृषि पद्धतियों की ओर ध्यान दें। नाबार्ड के क्लस्टर प्रभारी विनय त्रिपाठी ने कहा कि मेले के आयोजन से किसानों को खरीददारों तक सीधे जुडने. तथा बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचने में सहायता मिलेगी।

इस मेले में एफपीओ तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए बासमती चावल, घी, दालें, सरसों को तेल, शहद, हल्दी, मसाले, अचार, गुड़, पापड़, मंगोड़ी, जैम, मिलेट्स के व्यंजन आदि को दर्शाया गया है। मेले का समय सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक का निर्धारित किया गया है। नाबार्ड अधिकारियों ने किसानों से आह्वान किया है कि वे इस मेले को देखने के लिए अवश्य आएं और यहां आकर कृषि विपणन, खाद्य प्रौद्योगिकी तकनीक के बारे में जानकारी लें।

# एकलव्यम फाउंडेशन के तत्वावधान में महिला सम्मान समारोह आज




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक सामाजिक संस्था एकलव्यम फाउंडेशन हरियाणा इकाई के तत्वावधान और अंतरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ कीर्ति काले के सानिध्य में दस मार्च साढ़े दस बजे से गुरुग्राम के सेक्टर 45 स्थित एस्टर्स स्कूल के सभागार में महिला सम्मान समारोह सह अखिल भारतीय काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वरिष्ठ कवि राजपाल यादव ने बताया कि इस अवसर पर साहित्य कला समाज सेवा शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाली छ सशक्त महिलाओं को एकलव्य शक्ति सम्मान से अलंकृत किया जाएगा जिनमें डॉ पूजा सिंह गंगानिया व शिल्पी चौहान नॉयडा निर्मला यादव गुरुग्राम राज बाला राज हिसार अलका दलाल गुरुग्राम और सोनिया अक्स सोनम पानीपत सम्मिलित हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता नामचीन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सारस्वत मोहन मनीषी करेंगे जबकि मुख्य अतिथि एकलव्यम फ़ाउंडेशन की संस्थापिका समाज सेवी कवयित्री डॉ पूजा सिंह गंगानिया होंगी।

# 52वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ, समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** शनिवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में 52वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत रूप से आरम्भ एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं अग्रवाल महाविद्यालय महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश गुप्ता के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम 5-03-2024 से आरम्भ होकर 9-03-2024 तक चला। इस खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नारायण सिंह( आई.आर.एस, पूर्व डिप्टी कमिश्नर कस्टम एंड जी.एस.टी )उपस्थित रहे। अग्रवाल महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे श्री नारायण सिंह ने खेलों के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल समस्याओं का सामना करने में और हौसलें बढ़ाने में बहुत सहायक रहते हैं।उन्होंने सभी प्रतिभागियों को जीत की शुभकामनाएं भी दी।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ०संजीव गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। शुभम बीसला एवं साक्षी द्वारा सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ०के. एल. कौशिक ने विगत वर्ष की खेलकूद उपलबधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय की शिखा नरवाल एवं कनिष्का डागर ने शूटिंग (खेलो इंडिया) में पांच मैडल जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री त्रिलोकचंद (एस.डी.एम बल्लबगढ़) एवं सम्मानीय अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक चन्द ने सभी प्रतिभागियों को बिना किसी डर के आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और आगामी भविष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी। सम्मानीय अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने प्रतिभागियों को आश्वासन दिया कि जब चाहें अपनी जरूरतों के लिए कह सकते हैं और उन्होंने कहा कि कड़े परिश्रम के द्वारा वे एक दिन अवश्य ही सफलता के परचम लहरायेंगे। खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्र एवं छात्रा वर्ग के रूप में अलग अलग चरणों में सम्पन्न करवाया गया।इस में कुल 20 प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। जिसमें 100 मीटर,200 मीटर, 500 मीटर,800 मीटर तथा 1500 मी, 5 किलोमीटर दौड़ तथा शॉट पुट, हाई जंप, हैमर थ्रो, जेवलिन थ्रो, लंबी कूद रही। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सभी अतिथियों ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ०अजीत यादव,डॉ० जयपाल सिंह एवं डॉ०अशोक निराला निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। शारीरिक शिक्षक डॉ० जगबीर सिंह,श्री नंदकिशोर, श्री मोहित हुड्डा एवं श्री पवन दलाल के कुशल निर्देशन में सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मंच संचालन डॉ० सुप्रिया ढांढा एवं डॉ पूजा सैनी द्वारा किया गया। श्रीमती कमल टंडन ने सभी अतिथियों का, प्रवक्ताओं एवं सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। छात्र वर्ग में निखिल (बी.एस.सी मैथ ऑनर्स फाइनल ईयर) एवं छात्रा वर्ग में रीटा( एम.एस.सी कंप्यूटर साइंस फाइनल ईयर)को बेस्ट एथलीट के रूप में चुना गया।

# हरियाणा के उच्चतम पदों पर शोभामान देवियों संग मना महिला दिवस

## मैं किसी बेटी का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती : रेणु भाटिया

**सिटी प्रेस क्लब वुमन कॉर्प्स और स्त्री शक्ति पहल समिति ने समाज में नाम कमा रही महिला शक्ति को किया सम्मानित**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मैं किसी बेटी का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती। इसके लिए मैं कुछ भी कर सकती हूं, किसी भी हद तक जा सकती हूं। यह बात हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कही। वह यहां सेक्टर 12 स्थित रेड क्रॉस भवन में आयोजित महिला शक्ति वंदन समारोह को संबोधित कर रही थीं। इसका आयोजन सिटी प्रेस क्लब वुमन कॉर्प्स और स्त्री शक्ति पहल समिति ने मिलकर किया। इस अवसर पर भाटिया ने खचाखच भरे ऑडिटोरियम में महिलाओं से कहा कि आपको किसी के आगे गिडड़िाना नहीं है और कमजोर नहीं पडना है। साथ ही आपको भी अपने अंदर शुचिता को धारण करना होगा। उन्होंने अनेक उदाहरणों एवं अनुभवों के माध्यम से मौजूद महिलाओं में जोश भरा और उन्हें अपनी शक्ति को पहचानने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर मौजूद राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष प्रवीण जोशी ने कहा कि नारी के बिना कोई भी परिवार, समाज, समारोह अधूरा है। बेटियों के बिना कोई भी समारोह नहीं हो सकता है, कोई भी परिवार पूरा नहीं हो सकता है। जिसके घर में बेटी होती है, उस पर भगवान प्रसन्न होता है। बेटियों को सम्मान दो। यह देवी हैं। इस अवसर पर हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं को आगे बढने. में समाज भी सहयोग कर रहा है। हमें भी एक दूसरे का सहयोग करना है और समाज का संबल बनना है। इस अवसर पर सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार बिजेंद्र बंसल ने कहा कि प्रदेश की तीन बड़े पदों पर शोभामान देवियों ने एक मंच पर आकर महिला शक्ति को प्रेरणा दी है। इस अवसर पर सिटी प्रेस क्लब वुमन कॉर्प्स की अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार यशवी गोयल ने कहा कि वह समाज का आईना बनने का प्रयास करती हैं। इसके लिए हमें कई बार अराजक तत्वों का शिकार भी होना पड़ता है। हर प्रोफेशन के अपने खतरे हैं लेकिन हमें खतरे नहीं अपने कर्त्तव्य और अधिकार देखने हैं। कार्यक्रम में स्त्री शक्ति पहल समिति की सचिव पूनम सिनसिनवार ने बताया कि वह संस्था के माध्यम से करीब 22 जगहों पर स्किल सेंटर चला रही हैं। जिसमें हजारों बच्चियों को सिलाई, कढ़ाई, कताई, बुनाई आदि का प्रशिक्षण देकर जीवन में आगे बढने. की प्रेरणा दे रही हैं। इस अवसर पर दुनिया में खेलों के जरिए नाम कमा रही बेटी कंचन लखानी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और उनके भविष्य में ओलमपिक के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले मधु गुप्ता, पुनीता दुग्गल, डॉ मीनाक्षी, ममता भड़ाना, सुनीता यादव, कृतिका शास्त्री, इंदु गोयल, रमा सरना, सपना डागर, रीना मलिक, प्रतिमा गर्ग, मोना शर्मा, नम्रता माली बाली, निशा खान, राशी शर्मा, मनीषा चौधरी, रीना बनर्जी, रानी चहल, आरजे भावना, विमल खंडेलवाल, जसवंत पंवार, ऊषा भाटिया, प्रवेश मलिक आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सचिव बिजेंद्र सौरोंत, स्त्री शक्ति पहल समिति के चेयरमैन मुकेश डागर, मानव अधिकार मिशन के चेयरमैन डॉ महेंद्र शर्मा, चंडीगढ़ हाईकोर्ट बार काउंसिल के कॉआप्टेड मैंबर राजेश खटाना आदि ने सभी मौजूद रहे।

# आईएमए फरीदाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया महिला डॉक्टरों को सम्मानित

## महिलाओं की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ दिनेश गुप्ता



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर आईएमए फरीदाबाद ने शहर की महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन नीलम बाटा रोड स्थित होटल मिलिनियम में किया गया। इस मौके पर शहर के कई गणमान्य डॉक्टर्स का पहुँचने पर आईएमए फरीदाबाद के प्रेसिडेंट डॉ दिनेश गुप्ता ने स्वागत किया। वहीँ इस कार्यक्रम में शहर की महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों को शॉल ओढ़ाकर वह मेमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईएमए फरीदाबाद प्रेसिडेंट डॉ दिनेश गुप्ता ने कहा की आज के इस कार्यक्रम में 17 महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की महिला चाहे कोई भी वो अपने आप में हर लेवल पर सक्षम है, उसे किसी के सहारे की जरूरत नहीं है। ऐसे में महिलाओं को उनके द्वारा दिए जा रहे योगदान को सराहने के लिए हर साल 8 मार्च को इंटरनेशनल विमेंस डे मनाया जाता है। वैसे भी महिलाओं के लिए खास दिन रोज ही है लेकिन विश्व स्तर पर आज का दिन बहुत ही खास है प्रेसिडेंट डॉ दिनेश गुप्ता ने कहा कि परिवार, काम और स्वास्थ्य मुद्दों के बीच संतुलन बनाने के दबाव महिला डॉक्टर्स के ऊपर सबसे ज्यादा रहता है लेकिन वह हर चुनौती को स्वीकार करते हुए अपना फ़र्ज़ निभाती है। उन्होंने कहा कि आईएमए इकलौती बॉडी है, जो मार्डन साइंस का प्रतिनिधित्व करती है और डॉक्टरों की गरिमा व सम्मान बढ़ाने के लिए कार्य करती है। इस मौके पर डॉ मिनी अरोड़ा, डॉ माला अरोड़ा, डॉ रेखा हांडा , डॉ शीला सचदेवा, डॉ भानुमती शर्मा, डॉ मधु नंदा, डॉ अनीता कांत ,डॉ अरुण कुंडू,डॉ वरुणा , डॉ महिंद्र आहूजा, डॉ आशा चक्रवती, डॉ मीनाक्षी घाई, डॉ वंदना बब्बर, डॉ सत्यवती गोयल , डॉ राज रानी को सम्मानित किया गया । इसके अलावा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए डॉ दीपा गुप्ता, डॉ रीटा डूडेजा, डॉ कामना बख्शी, डॉ मनीषा गुप्ता, डॉ अनिल डूडेजा, डॉ नरेश जिंदल आदि डाक्टर उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर सुमित गौड़ लिया जनता के मुद्दे को और जोर-शोर से उठाने का संकल्प



**समाचार गेट/जितेंद्र वत्स**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं तेजतर्रार कांग्रेसी नेता सुमित गौड़ ने आज अपने जन्मदिवस पर जनता से जुड़े मुद्दों को और जोरशोर से उठाने का संकल्प लिया। सेक्टर-12 स्थित कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री गौड़ ने कहा कि फरीदाबाद की जनता उनके लिए सर्वोपरि है, उनकी समस्याओं और उनके हितों के लिए वह हर स्तर पर संघर्ष करेंगे, पहले फरीदाबाद की जनता, उसके बाद पार्टी और राजनीति। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को लेकर वह सदैव संघर्ष करते रहे है, चाहे कूड़े के ढेर पर बैठकर धरना प्रदर्शन करना हो या फिर स्मार्ट सिटी की सडकों पर बरसात में जलभराव के दौरान नाव चलाने की बात रही है, या फिर महंगाई का मुद्दा रहा है, उन्होंने सदैव शहर की जनता की आवाज बनकर गूंगी बहरी सरकार को नींद से जगाने का काम किया है। सुमित गौड़ ने कहा कि आज उनके जन्मदिवस पर जिस प्रकार से उनके मित्र, दोस्त व कांग्रेस पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेतागणों ने उन्हें आर्शीवाद व सहयोग देने का जो हौंसला दिया है, उसकी की बदौलत वह आगे और मजबूती से जनता के मुद्दों को जन-जन के समक्ष उजागर करेंगे। इससे पूर्व सुमित गौड़ ने अपने साथियों के साथ कई केक काटे और लोगों ने उन्हें जन्मदिन की ढेरों बधाईयां दी। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्वमंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, विधायक नीरज शर्मा, पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेश गौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जेपी नागर, डा. एस.एल. शर्मा, लोकसभा प्रेसीडेंट यूथ कांग्रेस रिंकू चंदीला, विनोद कौशिक, आप नेता आभास चंदीला, अनिल चेची, धर्म देव आर्य, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद योगेश ढींगड़ा, जगन डागर, वीरपाल गुर्जर, डा. सौरभ शर्मा, संजय सोलंकी, अशोक रावल, ललित भड़ाना, हेम डागर, राजकुमार शर्मा, राकेश भड़ाना, नरेश शर्मा, श्रवण माहेश्वरी, रुपा गौतम, सोहेल सैफी, इकबाल कुरैशी, इरशाद कुरैशी, युवा समाजसेवी वरुण श्योकंद, बाबूलाल रवि, राजेश गाबा आर्य, अनीशपाल, नरेंद्र पांचाल, गुलशन बग्गा, राहुल यादव, बिल्लू राजेश वशिष्ठ, निशांत रस्तोगी, विजय भारद्वाज, अंशुमन कौशिक, बाबा राम केवल, विष्णु अर्जुन ठ्ठार, अनिल चौधरी, प्रदीप भट्ट, वरुण बंसल, डा. आरके गोयल, ललित बंसल, गगन गांधी, यूथ लीडर कृष्ण अत्री सहित अनेकों राजनैतिक दलों के लोग व सामाजिक लोग मौजूद थे।

# बदलाव हमारी कोशिश ट्रस्ट ने बल्लभगढ़ महिला थाने की पुलिस कर्मियों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बदलाव हमारी कोशिश ट्रस्ट ने बल्लभगढ़ महिला थाने की पुलिस कर्मियों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। बदलाव हमारी कोशिश ट्रस्ट की संस्थापक सुषमा यादव ने बताया कि बदलाव की टीम हर साल बल्लभगढ़ की महिला पुलिस कर्मियों के साथ महिला दिवस मनानी आ रही है। अब की बार भी बदलाव की टीम ने बल्लभगढ़ स्थित महिला थाने में जाकर सभी महिला पुलिस कर्मियों के साथ महिला दिवस मनाया और सभी महिला पुलिस कर्मियों को उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान और वुमंस हाइजिन को लेकर जागरूक किया। साथ ही सभी महिला कर्मचारियों को सैनिटरी नैपकिन बाँटे।



# सैन समाज कल्याणा सभा फरीदाबाद के पद्धिकारियों ने किया एनआईटी विधायक नीरज शर्मा का धन्यवाद

**समाचार गेट/जितेंद्र वत्स**

**फरीदाबाद।** आज दिनांक 09 मार्च को फरीदाबाद एनआईटी क्षेत्र से विधायक नीरज शर्मा का उनके निवास स्थान पर सैन समाज कल्याणा सभा फरीदाबाद के पदाधिकारी ने धन्यवाद किया। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि सैन समाज कल्याणा सभा फरीदाबाद को सरकार द्वारा 1094 वर्गगज जमीन एक करोड चौसठ लाख दस हजार रू में अलाट की गई थी कि गई थी लेकिन संस्था के पास पैसो की कमी के कारण संस्था पैसे नही जमा करवा पाई। जिसके कारण अलाटमेंट पत्र जारी नही हो सका। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि दिनांक 20 मार्च 2023 को संस्था के पदाधिकारी मेरे से कार्यालय पर आकर मिले थे औरअनुरोध किया था कि आप इस मामले पर संज्ञान लेकर सरकार से जमीन अलाट करवाने का कष्ट करे। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि जैसे ही संस्था द्वारा उनको इस बारे अवगत करवाया गया तो उनके कार्यालय के पत्र मुख्यमंत्री मनोहर लाल को दिनांक 20 मार्च 2023 को लिखा गया, जिसपर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव द्वारा वितायुक्त राजस्व विभाग को दिनांक 31 मार्च 2023 को पत्र लिखकर निदेश दिए कि सरकार की हिदायतो अनुसार इसपर कार्यवाही की जाएं। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा मार्च 2023 के विधानसभा सत्र में भी यह मांग उठाई गई थी, जिसके बाद अब राजस्व विभाग के प्राप्त पत्र क्रमांक 318 दिनांक 05.03.2024 के द्वारा जमीन सैन समाज कल्याणा सभा फरीदाबाद को 1094 वर्गगज जमीन 50 प्रतिशत कलैक्टर रेट पर अलाट करने का पत्र जारी को गया है जिसकी प्रति नीरज शर्मा विधाायक को प्रेषित की गई है। सैन समाज कल्याणा सभा फरीदाबाद से पूर्व पार्षद गजेन्द्र पाल द्वारा विधायक नीरज शर्मा को मिठाई खिलाकर धन्यावाद किया। इसी मौके पर श्री राजेश कुमार सैन, सुन्दर लाल सैन, सतबीर सिंह सैन, सूरज भगत, लखन लाल सैन, पूर्व प्रधान सुरेश माथुर,कृष्ण पाल सैन एंव अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सरकार की अंत्योदय की भावना साकार करती है मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना : कृष्णपाल गुर्जर

**कहा, तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए सरकार ने किया है यह पोर्टल शुरू, पंजीकरण के बाद श्रद्धालुओं को निशुल्क कराई जा रही है यात्रा**

**अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम लला के दर्शन के लिए फरीदाबाद से अयोध्या जाने वाली तीर्थ यात्रियों की बस को केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**समाचार गेट/जितेंद्र वत्स**

**फरीदाबाद।** केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि वर्तमान केंद्र व प्रदेश की सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा शुरू कती गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना इसी अंत्योदय की भावना को साकार करती है। केंद्रीय राज्यमंत्री शुक्रवार को बल्लभगढ़ बस अड्डे पर फरीदाबाद से अयोध्या धाम जाने वाले वातानुकुलित वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए संबोधित कर रहे थे। इस वोल्वो बस में 37 श्रद्धालु फरीदाबाद से अयोध्या धाम रवाना हुए हैं। सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि पोर्टल पर पंजीकृत यात्रियों को अयोध्या दर्शन, श्री हरमिंद्र साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी-विश्वनाथ मन्दिरों का दर्शन करवाया जाना शामिल है। इसके अलावा अन्य तीर्थ स्थानों के लिए भी धीरे-धीरे पोर्टल खोलेंगे ताकि और तीर्थयात्री जो देश में अन्य तीर्थस्थानों पर जाने के इच्छुक हैं, वे अपना रजिस्ट्रेशन कर सकें। उन्होंने कहा कि अभी रजिस्ट्रेशन के लिए 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना से कम आय वाले तथा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए यह सुविधा नि:शुल्क दी जा रही है।

प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम जी के जन्म स्थान अयोध्या में मन्दिर बनाने को लेकर 500 साल पुराना संघर्ष था, लेकिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम लला के मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा करके देश के गौरव को बढ़ाया है। लोगों की इच्छा थी कि वे अयोध्या जाकर राम मन्दिर के दर्शन करें, इसलिए हरियाणा सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से मुक्चयमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की घोषणा की। छह मार्च को करनाल से पहली बस रवाना हुई और आज फरीदाबाद से योजना के तहत दूसरी बस को रवाना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन तीर्थयात्रियों का रात्रि ठहराव लखनऊ में किया गया है, जहां पर उनका जलपान व भोजन की व्यवस्था की गई है तथा उसके बाद अयोध्या में श्रीराम लला जी के दर्शन करेंगे। वापसी में फिर से लखनऊ में रात्रि ठहराव के बाद तीर्थ यात्री 11 मार्च को वापिस फरीदाबाद लौटेंगे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अलग-अलग स्थानों से बसें तथा ज्यादा संक्चया होने पर ट्रेनें भी बुक कराई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इन तीर्थ यात्रियों में सभी लोग ऐसे हैं जिनकी अपने अराध्य प्रभू श्रीरामलला के दर्शन की बहुत इच्छा थी लेकिन संसाधन न होने की वजह से नहीं जा पा रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अब इस योजना के तहत वातानुकुलित बस में बैठकर अयोध्या धाम जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ भविष्य में भी लेने के लिए सरल पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने भी सभी तीर्थ यात्रियों को बधाई दी और कहा कि यह हम सभी के अराध्य प्रभू श्रीराम लला के दर्शनों का सुनहरा मौका है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला परिषद चेयरमैन विजय लोहिया, अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा, जीएम रोडवेज लेखराज सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संपादकीय

# असहमति का अधिकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को श्रीनगर में थे। संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद से यह उनकी पहली कश्मीर यात्रा थी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर फैसले की अहमियत बताई और इसके बाद के पांच वर्षों में हासिल उपलब्धियों का जिक्र किया। लेकिन नैशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला ने इसके बाद प्रधानमंत्री के दावों से असहमति जताई। संयोग से उसी दिन यानी गुरुवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया कि नागरिकों को अनुच्छेद 370 समाप्त किए जाने के फैसले की आलोचना करने का पूरा अधिकार है।

**साझा संदेश :** गुरुवार को हुई ये घटनाएं भले अलग-अलग हुई हों और सीधे तौर पर एक-दूसरे से जुड़ी न दिख रही हों, लेकिन इनसे निकलने वाला संदेश अहम है। यह भारतीय लोकतंत्र में निहित व्यापकता की, विविधताओं के बीच गुंथी एकता के लिए बनी गुंजाइश की ओर संकेत करता है।

**आक्रामक रुख:** संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करने की मांग बहुत पुरानी थी। BJP शुरू से ही इस अनुच्छेद का विरोध करती रही है। हालांकि सर्वसम्मति नहीं बन पाने की वजह से BJP सत्ता में होने के बावजूद वाजपेयी सरकार के दौरान यह फैसला नहीं करवा पाई थी। ऐसे में स्वाभाविक है कि मौजूदा मोदी सरकार इसे अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखती है और अक्सर इस मसले पर आक्रामक रुख अपनाए नजर आती है।

**नीयत और निष्ठा :** दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर की लगभग सभी प्रमुख पार्टियां इस फैसले का विरोध करती रही हैं। इस फैसले की संवैधानिक वैधता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि कोर्ट ने फैसले को संवैधानिक तौर पर वैध करार दिया है, लेकिन फिर भी इन पार्टियों के नेता अपने रुख पर कायम हैं। इस बार भी इन दलों ने प्रधानमंत्री के दावों को गलत बताते हुए उनसे असहमति जताई। पेच यह है कि एक-दूसरे पर हमला करते हुए राजनीति की इन दोनों धाराओं के कुछ लोग एक-दूसरे की निष्ठा और देशभक्ति पर भी सवाल उठाने लगते हैं।

**असंतोष का अधिकार :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जो फैसला दिया है, वह इस संदर्भ में खासा अहम हो जाता है। अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को काला दिवस बताने से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि ऐसा करना कोई अपराध नहीं है। देश के हर नागरिक को इस फैसले से असहमति जताने, इस पर असंतोष प्रकट करने या इसका विरोध करने का पूरा अधिकार है। साफ है कि इस फैसले ने राजनीति की अलग-अलग धाराओं के लिए जगह सुनिश्चित करते हुए उनकी सीमाएं भी स्पष्ट कर दी हैं। इसके जरिए सुप्रीम कोर्ट ने देश में संवैधानिक मूल्यों को मजबूती दी है।

# ठेके कारिदें से मारपीट कर नकदी व शराब की बोतलें छीनने के आरोप में दो युवक नामजद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में अटेली मोड़ के समीप स्थापित शराब ठेके के कारिदें से मारपीट करने,नकदी तथा शराब की बातलें छीनने के आरोप में पुलिस ने उन्हाणी के दो युवकों के खिलाफ भादस: की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज किया है। इस बारे में अमन वासी नरेला,तहसील रोहिणी,दिल्ली ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह इस इस ठेके पर नोकरी करता है। बीती 7 मार्च को रात्री करीब दस बजे दो युवक ठेके पर आए ओर गाली-गलोच कर फ्री में दारू देने की मांग की। इतना ही नहीं उन्होंने दारू के साथ-साथ महिनेभर का 2-3 हजार रूपये का खर्चा भी देने को कहा। भय के मारे अमन ने ठेके का दरवाजा बंद कर लिया तो युवकों ने नीले रंग के टैंपो से बार-बार टक्कर मारी जिससे टूट-फूट हो गई। ठेके का जाल टूटने पर युवक अंदर घुस गए ओर मारपीट कर 8-10 बोतल शराब तथा गल्ले से 7-8 हजार रूपये की नकदी ले गए। युवकों की पहचान नवीन तथा जोगेंद्र वासी उन्हाणी के रूप में हुई है। पुलिस ने अमन की शिकायत पर आरोपी युवकों के खिलाफ भादस: की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कनीना व सेहलंग में लगे स्वास्थ जांच शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ जांच निःशुल्क की जाती है। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत उप नागरिक अस्पताल कनीना में शनिवार को शिविर का आयोजन कर महिलाओं की स्वास्थ जांच की गई जिसमें करीब 50 गांवों की 106 महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिला चिकित्सक डॉ तमन्ना ने बताया कि प्रत्येक माह की 9 तारीख को योजना के तहत कैंप का आयोजन किया जाता है। जिसमें गर्भवती महिलाओं की बीपी,शूगर, थायराइड, हिमोग्लोबिन एचआईवी, यूरिन, एमसी वीआरएल की जांच कर उनको निशुल्क दवाइयां तथा परामर्श दिया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को निशुल्क पोष्टिक आहर भी दिया जाता है। कैंप में महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए हरीपत्तेदार सब्जिया, फल, दूध व मोटा अनाज आहार में शामिल करने की सलाह दी जाती है। दूसरी ओर सेहलंग स्थित सीएचसी में भी स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला चिकित्सक डॉ प्रभा यादव ने करीब 48 महिलाओं की जांच कर दवा वितरित की। इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सक तथा लैब टेक्निशियन हाजिर थे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में अनिश्चितकालीन धरना जारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाागेत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को 363वें दिन भी जारी रहा। धरने की अयक्षता लक्ष्मण सिंह ने की। धरना संघर्ष समिति के अयक्ष विजय सिंह ने बताया कि सर्दी के बीच ग्रामीण धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार द्वारा आश्वासन देने के बावजूद इसका कार्य शुरू नहीं कर रही है। जिससे धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की पीड़ा बढ रही है। जब तक कट बनाने का काम शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर शेरसिंह, नरेंद्र शास्त्री, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबे सिंह, बाबूलाल, रावीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा होडल की अदालतों में किया गया राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

**कुल 2 हजार 580 केसों में से 1 हजार 692 केसों का किया मौके पर ही निपटान**

**लोक अदालतों में मोटर व्हीकल एक्ट व बिजली चोरी के 485 मामलों की भी हुई सुनवाई**



**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** की अदालतों में शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन पुनीश जिंदिया के नेतृत्व तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों का निपटारा करने के लिए होडल की अदालत में राष्ट्रीय लोक अदालतें लगाई गई। इन लोक अदालतों में कुल 2580 केसों में से 1692 केसों का निपटारा किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुनाल गर्ग के नेतृत्व में वर्ष 2024 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जिला न्यायिक परिसर पलवल में सभी मामलों के निपटान के लिए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सूर्यचन्द्र कांत, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कुमुद गुगनानी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंकिता शर्मा, प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट विकास वर्मा एवं प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट आयुश गर्ग की न्यायिक पीठें पलवल में बनाई गईं।

इसी प्रकार होडल न्यायिक परिसर में उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं चेयरमैन उपमंडल विधिक सेवा समिति छवि गोयल व न्यायिक पीठ को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बैठाया गया। इसी क्रम में हथीन न्यायिक परिसर में उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं चेयरमैन उपमंडल विधिक सेवा समिति हथीन पवन कुमार की न्यायिक पीठ को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाने के लिए बैठाया गया। इसके अलावा चेयरमैन पब्लिक यूटिलिटी सर्विस एवं परमानेंट लोक अदालत अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेश गर्ग के द्वारा भी प्री-लिटिगेटेड मुकदमों का निपटान किया गया।

इन सभी न्यायिक पीठों में अधिवक्ता फुलवास डागर, अधिवक्ता महिपाल बघेल, अधिवक्ता महेश चंद शर्मा, अधिवक्ता कृष्णा शर्मा, अधिवक्ता हंसराज, अधिवक्ता संदीप अग्रवाल और अधिवक्ता टेकचंद बतौर सदस्य पीठ में शामिल हुए। प्राधिकरण के अधिवक्ता बचाव पक्ष नवीन रावत, जगत सिंह रावत, पिंकी शर्मा, संदीप गुप्ता ने भी लोक अदालत में बतौर रिमांड काउंसिल सहयोग किया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुनाल गर्ग ने राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालतों में वाहन दुर्घटना मुआवजा, बैंक वसूली, राजीनामा योग्य फौजदारी मामले, बिजली एवं पानी के बिल संबंधी मामले, श्रम विवाद, सभी प्रकार के पारिवारिक विवाद, चैक बांउस, राजस्व मामले आदि को रखा गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में इन विवादों के निपटारे के लिए सुलह एवं समझौते के आधार पर निपटारे के प्रयास किए गए, जिसके चलते राष्ट्रीय लोक अदालतों में पारिवारिक मामलों में 13 में से 13 मामलों का सहमति से निपटाया गया। फौजदारी के मामलों में 492 में से 478 मामलों का निपटारा हुआ। चैक बाउंस के 59 केसों में से 13 मामले आपसी सहमति से निपटाए गए। वाहन दुर्घटना के 62 मामलों में से 52 मामलों को निपटाया गया। बैंक वसूली के 278 में से 237 मामले निपटाए गए। अन्य दीवानी मामलों में केसों में से मामले निपटाए गए। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर व्हीकल एक्ट/बिजली चोरी के मामलों की भी सुनवाई की गई।

# सदर थाना पुलिस ने हत्या मामले में चंद घंटों में ही महिला सहित दो मुख्य आरोपियों पर कसा शिकंजा

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी डॉ० अंशु सिंगला, आईपीएस कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। एसपी महोदया के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा चलाई जा रही अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश मुहिम अंतर्गत सदर थाना पुलिस ने एक युवक की फांसी लगाकर हत्या करने के बाद शव को बक्से में बंद कर जंगल में फैंकने मामले में महिला सहित दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सदर थाना प्रभारी निरीक्षक मलखान सिंह ने बताया कि दिनांक 27 फरवरी 2024 को एक व्यक्ति की लाश फिरोजपुर गांव के पास कच्चे रास्ते पर मिली थी और उसके पास एक लोहे का बाक्स भी था। जिसकी पहचान नहीं होने पर शव का जिला नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने नियम अनुसार अंतिम संस्कार कर दिया था। इस संबंध में आलूका गांव निवासी सुखपाल ने दिनांक 8 मार्च 2024 को दी शिकायत में कहा है कि उसका भाई धर्मबीर काम के सिलसिले में पलवल में पिछले सात-आठ वर्ष से बॉस मौहल्ला में किराए पर मकान लेकर हने लगा और जेसीबी मशीन चलाने का काम करने लगा था। उसके पड़ोस में ही जिला अलीगढ़(गौतम बुद्ध नगर) (यूपी) के बजेड़ा निवासी रविंद्र, उसकी पत्नी क्रांती व चंद्रभान निवासी रतभान पुर जिला हाथरस ह्वश्च भी किराए पर रहते थे। जिनसे उसके भाई का मेल झोल था। पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि पिछले सात-आठ दिन से धर्मबीर की कोई खबर सुद नहीं लग रही थी। जिसके बाद पीड़ित व उसके परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान उन्हें पता चला कि फिरोजपुर गांव के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश सदर थाना पुलिस को मिली थी। पीड़ित ने सदर थाना में जाकर पुलिस से संपर्क किया और लाश के फोटो देखे तो वह लाश उसके भाई धर्मबीर की ही थी।



पीड़ित का आरोप है कि उसने मामले की छानबीन की तो पता चला कि जिला हाथरस (यूपी) के रतभानपुर गांव निवासी आरोपी, उसकी पत्नी व उनके साथ एक अन्य नामजद आरोपी ने उसके भाई धर्मबीर को अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर हत्या करने के बाद शव को खुर्द-बुर्द करने के लिए लोहे के बॉक्स में ले जाकर फिरोजपुर गांव के पास कच्चे रास्ते में डाल दिया। पुलिस ने उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

सदर थाना प्रभारी मलखान सिंह ने आगे बतलाया की मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी महोदया के कुशल निर्देशन में कार्य करते हुए जांच इकाई ने चंद घंटों के अंदर ही वारदात को अंजाम देने वाले पति-पत्नी मुख्य दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी युवक ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि मृतक धर्मवीर का उसकी पत्नी से उसकी तथा उसकी पत्नी की रजामंदी से अवैध संबंध थे इसके बदले वह उन्हें रुपए देता था। बाद में वह दूसरी जगह काम करने लगा और उसका घर आना जाना कम हो गया जिस कारण उन्हें घर खर्च के लिए पैसे नहीं मिल पा रहे थे। काफी दिनों बाद जब धर्मवीर मृतक उनके घर पर आया तो उन्होंने पैसे मांगे जिस पर धर्मवीर ने पैसे देने से मना कर दिया तो उन्होंने अपने दूर की रिश्तेदारी में लगता साला (फरार दूसरा युवक आरोपी) के साथ मिलकर योजना अनुसार पहले मृतक के साथ शराब पी तथा बाद में उसकी स्वापी से गला घोट कर हत्या कर दी तथा शव को बक्से में डालकर गांव फिरोजपुर के क्षेत्र में डालकर फरार हो गए थे। गहन पूछताछ हेतु आरोपियों को आज पेश अदालत कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा मामले में फरार तीसरा आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# टेकवॉल्ट ने महिला दिवस का आयोजन करके पावरफुल पैनल चर्चा की

**समाचार गेट/विनोद मित्तल**

**नोएडा।** टेकवॉल्ट, घर की स्वचालन और स्मार्ट उपकरण शुरूआती कंपनी, ने विभिन्न पेशेवर पृष्ठभूमियों से उत्कृष्ट महिलाओं की एक विचारशील पैनल चर्चा के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव मनाया। इस घटना में, नोएडा में आयोजित की गई, महिला उद्यमियों और पेशेवरों को उनकी प्रेरणादायक कहानियों और विभिन्न महिलाओं के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिला।

दोपहर की शुरुआत एक दिलचस्प पैनल चर्चा के साथ हुई, जिसका शीर्षक था काम और देखभाल का संतुलन: महिलाओं के पेशेवर जीवन पर उम्र का प्रभाव। प्रतिभागियों ने उद्यमिता में महिलाओं द्वारा आवश्यकताएं और अवसरों की खोज करते हुए, इसे व्यवसाय जगत में अपनी यात्रा को कैसे आकार देते हैं, इस पर एक शिक्षात्मक संवाद में ली है।




इसके बाद, दूसरी पैनल चर्चा, महिला होने की असली बात: प्रारंभिक करियर, विवाह, और मातृत्व का संतुलन ने एक से अधिक भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को प्रबंधित करने की जटिलताओं में खोजी, कैरियर, विवाह, और मातृत्व को समयानुसार कैसे संभालें, इस पर बातचीत की।

**चर्चाओं के दौरान उच्चारित मुद्दे शामिल थे:**

महिला उद्यमियों के लिए विशेष चुनौतियां और अवसर

पेशेवर सेटिंग में आत्मविश्वास को प्रतिष्ठित करने के लिए सामाजिक बाधाओं को पार करना

काम, विवाह, और पेरेंटिंग का संतुलन करने के लिए उपाय

अपनी कैरियर अभिलाषाओं के बारे में साथी, परिवार, और नियोक्ताओं के साथ प्रभावी संचार

एक से अधिक जिम्मेदारियों को प्रबंधित करते समय आत्म-देखभाल का महत्व

महिलाओं के पेशेवर यात्राओं पर देखभाल करने का प्रभाव

काम और जीवन का संतुलन सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तकनीक का सहारा लेना

महिलाओं की भूमिकाओं के बारे में सांस्कृतिक धारणाओं और स्टीरियोटाइप को संबोधित करना

**पैनलिस्ट में शामिल थे:**

नेहा जैन, टेकवॉल्ट की एमडी और संस्थापक

गीता आर्या, प्रमुख वास्तुकार, गीता आर्या एंड एसोसिएट्स

शीला राव, काउंसलर और मनोवैज्ञानिक

डॉ. एक्ता सिंह, ओबीजीएन और जनिने

नम्रता कोहली, कॉलमनिस्ट और लेखक

स्तुति मित्तल, प्रमुख वास्तुकार स्टूडियो एसएमए

रेणु गर्ग, प्रमुख वास्तुकार, रेणु गर्ग एंड डिज़ाइंस

संजना राणा, प्रमुख वास्तुकार अकासा स्टूडियो।

इस पर चिंतन करते हुए, टेकवॉल्ट की संस्थापक और प्रबंध निदेशक नेहा जैन ने टिप्पणी की, हमें इन प्रबुद्ध और अवधारणापूर्ण महिलाओं के बीच ऐसी प्रेरणादायक और गहरे संवाद का आयोजन करने पर बहुत खुशी हो रही है। आज साझा की गई विविध परिप्रेक्ष्य व्यक्त करते हैं कि काम और देखभाल की जटिलताओं को नाविगेट करने की महिलाओं को शक्तिशाली बनाने का महत्व। टेकवॉल्ट परिवार में, हम महिलाओं को समर्थ और सफल होने के लिए एक समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

टेकवॉल्ट की महिला दिवस पैनल चर्चा आज की समाज में महिलाओं के सामने आने वाली प्रमुख मुद्दों का सामर्थ्य करते हुए उनकी उपलब्धियों का एक मंच के रूप में कार्य करता है। इस घटना का अंत और महिलाओं को उनके व्यक्तिगत और पेशेवर प्रयासों में समर्थन करने के लिए नवीन उत्साह के साथ समाप्त होता है।

**टेकवॉल्ट के बारे में:**

टेकवॉल्ट एक अग्रणी घर की स्वचालन और स्मार्ट उपकरण कंपनी है जो लोगों के जीवन को उनके रहने के स्थानों के साथ कैसे आदर्शों में परिप्रेक्ष्य में बदलने का काम कर रही है। नवाचार और ग्राहक-केंद्रित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करके, टेकवॉल्ट का उद्देश्य रोजाना जीवन को और सुविधाजनक, कुशल, और आनंदमय बनाना है।

# मुंह अंदर से कट गया? तुरंत राहत देंगे ये घरेलू उपाय

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** कई बार खाने खाते समय मुंह अंदर से कट जाता है, जो कई दिनों तक दर्द और खाने में दिक्कत करता है। इस तरह की छोटी-छोटी परेशानियों में घरेलू उपाय बहुत काम आते हैं। जानिए ओरल इंजरी होने पर किस तरह के घरेलू इलाज अपनाएं।

मुंह के अंदर लगी चोट में साफ-सफाई का ध्यान रखने की आवश्यकता है। चोट को छूने से पहले अपने हाथों को अच्छी तरह से साफ कर लें। चोट को भी साफ पानी से साफ करें। इसके लिए किसी साफ कॉटन का इस्तेमाल करें, ताकि ब्लीडिंग रुक जाए।लेकिन ध्यान रखें कि मुंह में लगी चोट को बार-बार



जीभ से टच न करें। मुंह के अंदर किसी प्रकार की क्रीम का इस्तेमाल न करें। यदि चोट गहरी है, तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

**हल्दी और नमक का पेस्ट**

हल्दी और नमक का मिश्रण मुंह के कटने के इलाज के लिए एक प्राकृतिक और प्रभावी उपाय है। हल्दी में कुछ एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। एक छोटी सी मात्रा में हल्दी पाउडर और नमक का मिश्रण बनाएं और इसे मुंह के कटने के स्थान पर लगाएं।

**नमक और पानी का गरारा**

गर्म पानी में नमक मिलाकर गरारे करने से मुंह के कटने पर काफी आराम मिलता है। इसके लिए एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाएं और इससे गरारा करें।यह आंतरिक मुँह के कटने को शांत करने में मदद करेगा। (स्रोत: समाचार एजेंसी)

# कनीना मंडी में हृदय रोग जांच शिविर आज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना मंडी स्थित लाला शिवलाल की धर्मशाला में आज रविवार 10 मार्च को 72वें हृद्य रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुरेश शर्मा व योगेश अग्रवाल ने बताया कि सेवा भारती की ओर से आयोजित इस शिविर में रेवाड़ी के निजी अस्पताल के चिकित्सक मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित करेगें। उन्होंने कहा कि साढे 9 बजे से दोपहर साढे 12 बजे तक डॉ. अश्वनी यादव, डॉ.राहुल की टीम मरीजों की जांच करेगी।

# मैथिली ठाकुर, जया किशोरी इन क्रिएटर्स की यूट्यूब-फेसबुक से इतनी कमाई?





**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर मशहूर कई शख्सियतों को बीते रोज पहले नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवार्ड से डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को सराहा जाता है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। प्रधानमंत्री ने इन क्रिएटर्स को वोकल फॉर लोकल इनोवेशन का ब्रांड एम्बेसडर बताया है। उन्होंने कहा कि ये क्रिएटर्स सेकेंडों में दुनिया के किसी भी कोने तक पहुंच सकते हैं। डेटा क्रांति और सस्ते मोबाइल फोन ने कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई दुनिया बनाई है। इस अवार्ड के लिए 23 कैटेगरी में 200 से ज्यादा क्रिएटर्स को नॉमिनेट किया गया। इसमें मैथिली ठाकुर, जया किशोरी, श्रद्धा जैन और कामिया जानी शामिल थीं। आइए, जानते हैं कि इन क्रिएटर्स को यूट्यूब, फेसबुक, और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से कितनी कमाई है।

**एक कथा के करीब 10 लाख लेती हैं जया किशोरी!**

जया किशोरी को बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया है। वह देश-विदेश में धार्मिक कथाओं का वाचन करती हैं और कोलकाता में रहती हैं। उन्होंने अध्यात्म में दिलचस्पी दिखाई थी। उन्हें उनकी कथाओं के लिए अच्छी फीस मिलती है। जया किशोरी के सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स हैं और अनुमानित है कि उनकी सालाना कमाई करोड़ों रुपये होती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वह श्रीमद् भागवत कथा वाचन के लिए 9 लाख 50 हजार रुपये तक फीस लेती हैं और उनकी कमाई का आधा हिस्सा नारायण सेवा संस्थान को जाता है। कथावाचन के अलावा, वह यूट्यूब वीडियो, एल्बम और मोटिवेशनल स्पीच से भी कमाती हैं और उनकी नेटवर्थ लगभग 1.5 से 2 करोड़ रुपये है।

**मैथिली ठाकुर हैं करोड़ों की मालकिन**

मैथिली ठाकुर बिहार के मधुबनी में रहती हैं और वह 23 साल की हैं। उनके गानों से करोड़ों लोगों का दिल जीत चुकी है। वह हिंदू धर्म में गहरी आस्था रखती हैं और उन्हें कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सोशल मीडिया पर उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग है और उनके देश-विदेश में स्टेज शो होते हैं। उनका पूरा परिवार गीत-संगीत में लगा रहता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मैथिली ठाकुर सालाना यूट्यूब से लगभग 50 लाख रुपये तक कमाती हैं और उन्हें ब्रांड डील्स से भी लाखों की कमाई होती है। स्टेज शो भी उनके लिए बड़ा माध्यम हैं जिससे उनकी कमाई होती है। इतनी कम उम्र में वह करोड़ों की मालकिन हैं।

# विवेक बिंद्रा घोटाले की जांच करेगी सीबीआई? सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रेरक वक्ता विवेक बिंद्रा और उनके बड़ा बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए कथित बड़े पैमाने के देशव्यापी घोटाले की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष टीम गठित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने सोमवार को शुभम चौधरी और अन्य द्वारा दायर याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई को बड़ा बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड की मनी चेन जैसी योजना में जमा किया था। याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील विकास सिंह, सुरेशन पी विकास नागवान और योगेश अग्रवाल पेश हुए।

**याचिकाकर्ताओं ने क्या कहा?**

याचिकाकर्ताओं के अनुसार, इस मुद्दे का राष्ट्रीय प्रभाव है क्योंकि शिकायतकर्ता विभिन्न राज्यों से हैं और पहले ही स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायतें दे चुके हैं। उन्होंने विवेक बिंद्रा और बड़ा बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए कथित घोटाले की जांच के लिए केंद्र सरकार को सीबीआई की एक विशेष जांच टीम गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया, जिसके तहत उन्होंने याचिकाकर्ताओं और अन्य आम जनता को धोखा दिया है। याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ताओं और अन्य समान व्यक्तियों द्वारा लिखित शिकायतें प्रस्तुत करने के बावजूद, पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**विवेक बिंद्रा के खिलाफ क्या है मामला?**

यह प्रस्तुत किया गया है कि विवेक बिंद्रा एक स्व-घोषित प्रेरक वक्ता हैं और जिन्होंने अपनी मार्केटिंग टीम के साथ मिलकर याचिकाकर्ताओं और अन्य हजारों युवाओं को धोखा दिया, जो पूरे भारत के एक दर्जन से अधिक विभिन्न राज्यों से हैं। उक्त व्यक्ति और कंपनी द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली यह है कि वह अपनी वेबसाइटों पर, बैनर विज्ञापनों में प्रसिद्ध हस्तियों के नामों का उपयोग करता है और बड़े पैमाने पर इसे गलत तरीके से प्रचारित करता है कि उक्त ज्ञात हस्तियां संचालित पाठ्यक्रमों में प्रोफेसर हैं। बड़ा बिजनेस और विवेक बिंद्रा के बैनर तले, याचिका में कहा गया है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि युवाओं को एक पाठ्यक्रम में नामांकित करने के एकमात्र उद्देश्य से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक विज्ञापन चलाए जा रहे हैं, जिसमें भ्रामक रूप से नामांकित उम्मीदवारों को एक सफल व्यवसाय बनाने के तरीकों और तरीकों में प्रशिक्षित करने का वादा किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी कहीं भी कमा सकता है। 15,000 और 1,00,000 प्रति माह, ऐसा न करने पर विवेक बिंद्रा ने पूरी फीस वापस करने का वादा किया।

# एके हंगल ने 225 फिल्मों में किया काम, पाकिस्तान में जन्मे एक्टर



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुबंई।** फिल्म शोले में रहीम चाचा का किरदार निभाकर हंगल घर-घर में पॉपुलर हो गए थे. हालांकि, हंगल साहब का बुढ़ापा बेहद गरीबी में कटा था. बात आज एक ऐसे एक्टर की जिसने 52 साल की उम्र में फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया और फिर एक दो नहीं बल्कि 225 से अधिक फिल्मों में काम किया. हम बात कर रहे हैं एक्टर ए.के हंगल की जो आज भले ही इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनसे जुड़े ढ़ेरों किस्से कहानियां आज भी सुने और सुनाए जाते हैं. ए.के हंगल का पूरा नाम अवतार किशन हंगल था और उनका बचपन पेशावर में बीता था. भारत पाकिस्तान बंटवारे के बाद 1949 में हंगल अपने पूरे परिवार के साथ मुंबई आ गए थे. ए.के हंगल की कहानी जितनी फिल्मी है उतनी ही दर्दभरी भी है. ए.के हंगल ने साल 1929 से लेकर 1947 तक आजादी की लड़ाई में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था. बताते हैं कि हंगल साहब पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की रिश्तेदारी में भी थे. असल में नेहरू जी की वाइफ, ए.के हंगल की मां की रिश्ते में बहन लगती थीं. आपको बता दें कि हंगल साहब शुरू से ही थियेटर से भी जुड़े रहे थे और वे बलराज साहनी और कैफी आजमी जैसी दिग्गज शख्सियतों के साथ थियेटर में काम कर चुके थे.

**बेहद दर्दनाक था ऐ.के हंगल का आखिरी समय**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हंगल साहब ने 225 से अधिक फिल्मों में काम किया था. अपने फिल्मी करियर में उन्होंने शोले, नमक हराम, शौकीन, आइना, अर्जुन, आंधी, तपस्या, कोरा कागज, बाबर्ची, छुपा रुस्तम, बालिका वधू, गुड्डी, नरम-गरम जैसी कई चर्चित फिल्मों में काम किया था. फिल्म शोले में रहीम चाचा का किरदार निभाकर हंगल घर-घर में पॉपुलर हो गए थे. हालांकि, हंगल साहब का बुढ़ापा बेहद गरीबी में कटा था. कहते हैं कि आखिरी समय में उनके पास इलाज तक के पैसे नहीं थे और इसी गरीबी और अभाव के बीच साल 2012 में उनका निधन हो गया था. (स्रोत: समाचार एजेंसी)

# लाखों की ड्रेस पहनी मार्क जुकरबर्ग की पत्नी ने खो दी अपनी ये अजीज चीज

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुबंई।** शादी से पहले ही अंबानी परिवार ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग इवेंट को इतना ज्यादा खास बना दिया कि इसमें बॉलीवुड से जुड़े लगभग सभी नामी लोग तो पहुंचे ही थे बल्कि दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज भी शरीक होते नजर आए थे। इनमें से एक फेसबुक-इंस्टाग्राम के मालिक मार्क जकरबर्ग और उनकी पत्नी प्रिसिला चैन भी रहे। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के लिए रखे गए तीन दिवसीय इवेंट में यह कपल बहुत ही खूबसूरत अंदाज में नजर आया था। इसका सबसे बड़ा कारण इन्होंने न केवल पार्टी की थीम को फॉलो करते हुए अपने ऑउटफिट का सिलेक्शन किया था बल्कि उनके हर एक लुक में ग्लैमर से लेकर ड्रामा का एलिमेंट साफ दिख रहा था, जिसने उन्हें नोटिस में लाने का कोई मौका नहीं छोड़ा। हां, वो बात अलग है कि पार्टी के दूसरे दिन प्रिसिला चैन के साथ एक ऐसी घटना हो गई, जो एक बार फिर लोगों का ध्यान उनकी तरफ ले गया।



**कैसी दिखीं प्रिसिला चैन?**

कॉकटेल पार्टी की नाइट मार्क जकरबर्ग और उनकी पत्नी प्रिसिला चैन ने अपने लिए मैचिंग का अटायर चुना था। इस पावरफुल कपल ने ब्लैक कलर को सिलेक्ट किया था, जोकि उन्हें सुपर स्टाइलिश दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा था।

अंबानियों की पार्टी के दूसरे दिन मार्क जकरबर्ग की पत्नी प्रिसिला चैन ने इंडियन फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के Verdure कलेक्शन से अपने लिए गोल्डन कलर का लहंगा सेट चूज किया था, जोकि बहुत ही यूनिक डिजाइन के साथ था। इस सेट के क्रॉप टॉप में किसिंग क्रेन्स बनी थीं, जिसमें पैटल्स डिटेलिंग भी ऐड की थीं। वहीं प्रिसिला चैन के थर्ड लुक की बात करें, तो उन्होंने अपने लिए ब्लू कलर की ब्यूटीफुल साड़ी चुनी थी, जिसमें वह हद की ज्यादा सुंदर लग रही थीं। इस ओवरऑल पीस को सी-थ्रू फैब्रिक में डिजाइन किया गया था, जिसके साथ शिमरी पैटर्न का ब्लाउज दिया गया था।

**लेकिन खो गया नेकलेस**

इसमें कोई दोराय नहीं है कि अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन्स के हर दिन प्रिसिला चैन न केवल बहुत ही स्टनिंग लग रही थीं बल्कि उन्होंने ग्लैमर और ट्रेडिशनल का जो परफेक्ट मिक्स सर्व किया था, वो भी लाजवाब था। हालांकि, बॉलीवुड शादीस की एक रिपोर्ट के अनुसार पता चला कि अंबानी की दावत के दूसरे दिन जुकरबर्ग की पत्नी प्रिसिला चैन ने अपना कीमती पेंडेंट खो दिया था, जिसके बाद पूरी पार्टी में अफरा-तफरी मच गई। (स्रोत: समाचार एजेंसी)


# अंबाला छावनी में बन रहे शहीद स्मारक में आर्ट वर्क ऐसा हो कि जो भी देखे वह वर्तमान को भूलकर सन् 1857 में पहुंच जाए, संबंधित अधिकारियों को निर्देश : गृह मंत्री अनिल विज

**1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का आगाज अम्बाला के बाद देश के अन्य शहरों में कैसे हुआ इसका जीवंत प्रस्तुतिकरण स्मारक में होना चाहिए : अनिल विज**

**गृह मंत्री अनिल विज ने शहीद स्मारक में म्यूजियम के लिए आर्ट वर्क की प्रस्तुति को देखा और अपने सुझाव दिए**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने आज संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अम्बाला छावनी में तैयार हो रहे शहीद स्मारक में ऐसा आर्ट वर्क होना चाहिए जिसको देखते ही हर कोई वर्तमान को भूलकर सन 1857 में पहुंच जाए और उन्हें आजादी की पहली लड़ाई के परिदृश्य का पूर्ण आभास हो। श्री विज आज अम्बाला छावनी जीटी रोड पर सन 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित निर्माणाधीन शहीद स्मारक में म्यूजिम के आर्ट वर्क की प्रस्तुति को देख रहे थे।



गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि म्यूजिम शहीद स्मारक का अहम हिस्सा है और इस प्रस्तुति के जरिए लोंगों को 1857 में अम्बाला, हरियाणा और देश में लड़ाई का क्या परिदृश्य था इसकी जानकारी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अम्बाला में आजादी की ज्वाला कैसे उठी, फिर देश के अन्य सैन्य छावनियों व स्थानों पर कैसे पहुंची इसकी पूरी जानकारी यहां विभिन्न तकनीकों के माध्यम से प्रदर्शित होगी।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो जानकारी यहां प्रदर्शित की जानी है उसका इतिहास के पन्नों से पूरा मेल होना चाहिए। उन्होंने आर्ट वर्क कर रही एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि शहीद स्मारक निर्माण के लिए इतिहासकारों की एक कमेटी भी गठित की गई है और एजेंसी कमेटी से चर्चा करते हुए यहां क्या-क्या इतिहास प्रदर्शित करना है इसे तय करें। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला में जिन-जिन इन्फेंट्री में सबसे पहले सैनिकों ने हथियार उठाए और बैरकों से बाहर आए इसकी जानकारी म्यूजियम में हो। साथ ही यहां क्या-क्या तैयारियां थी और उस समय क्या-क्या घटनाएं हुई इसकी भी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अम्बाला में सैन्य इतिहास को भी यहां प्रदर्शित किया जाए कि सैनिक छावनी में यहां सबसे पहले कौन सी रेजिमेंट की थी। इसके अलावा, गृह मंत्री ने अन्य कई पहलुओं पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों व एजेंसी प्रतिनिधियों से चर्चा की।

**गृह मंत्री अनिल विज को आर्ट वर्क की विस्तृत जानकारी दी**

इससे पहले, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों व एजेंसी के प्रतिनिधियों ने गृह मंत्री अनिल विज को म्यूजिम के आर्ट वर्क की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने क्रमवार विभिन्न माध्यमों से यहां प्रदर्शित किए जाने वाले इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्क्रीन, आडियो व अन्य कई माध्यमों के जरिए इतिहास को आधुनिक एवं रोचक अंदाज में दिखाया जाएगा। मुख्य हाल के अलावा, म्यूजियम गैलरी, ऑडियो विजुअल हॉल, लॉबी अन्य की जानकारियां एजेंसी प्रतिनिधियों ने गृह मंत्री अनिल विज को दी। इस प्रस्तुति के दौरान गृह मंत्री ने सुधार के लिए अपने सुझाव भी दिए।

**गृह मंत्री ने स्मारक में निरीक्षण भी किया**

गृह मंत्री अनिल विज ने शहीद स्मारक में इस दौरान निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां पर तैयार हो रहे डेढ़ सौ फुट ऊंचे मेमोरियल टॉवर के निर्माण कार्य की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि मेमोरियल टॉवर पर फाइनल शीट कोटिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जोकि जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने इसके अलावा एट्रेंस हॉल, पार्किंग एरिया, वॉटर बॉडिज एवं स्मारक के अन्य हिस्सों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए।

**स्मारक में यह होगा आकर्षण का केंद्र**

गौरतलब है कि गृह मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से लगभग 500 करोड़ रुपए की लागत से अंबाला छावनी के जीटी रोड पर शहीद स्मारक किया जा रहा है।

**इंटरप्रीटेशन सेंटर :** सेंटर में वीआईपी रूम, शॉप्स, बच्चों के खेलने के लिए एरिया, रिसेप्शन, टॉयलेट ब्लॉक, कोर्ट यार्ड, वीआईपी मीटिंग हॉल, कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल होगा।

**दो मंजिला म्यूजियम :** म्यूजियम गैलरी, ऑडियो विजुअल हॉल, लॉबी, आफिस एरिया, शहीदी वॉल वीआईपी एट्रेंस होगी।

**ओपन एयर थियेटर :** 2 हजार लोगों के बैठने के लिए थियेटर, स्मारक में एग्जीबिशन हॉल, फूड कोर्ट, टॉयलेट ब्लॉक, रिर्हसल रूम, फिल्टरेशन रूम व अन्य सुविधाएं होंगी।

**आडिटोरियम बिल्डिंग :** आडिटोरियम के अलावा कॉफी शॉप, फूड कोर्ट, सीटिंग एरिया, लॉबी, कोर्ट यार्ड, लाइब्रेरी, ई-लाइब्रेरी होगी।

**वॉटर बॉडीज :** वॉटर बॉडीज में विभिन्न किस्म के फव्वारे, वॉटर स्क्रीन, कनेटिंग ब्रिज व अन्य सुविधा होगी।

**मेमोरियल टॉवर :** डेढ़ सौ फुट से ऊंचा मेमोरियल टॉवर होगा, यहां आर्ट गैलरी, वॉटर बॉडी, हाई स्पीड लिफ्ट आदि होगी।

**अंडर ग्राउंड पार्किंग :** स्मारक में वाहन पार्किंग के लिए अंडर ग्राउंड डबल बेसमेंट पार्किंग सुविधा होगी। यहां 400 कार के अलावा 20 बस खड़ी की जा सकेंगी। इसके अलावा, स्टाफ के लिए 10 क्वार्टर भी यहां बनाए जाएंगे।

**अन्य सुविधाएं :** स्मारक में इन्फार्मेशन सेंटर होगा और दुकानें, सिक्योरिटी रूम, टिकट काउंटर होगा। इसके अलावा, यहां वीवीआईपी के आने-जाने के लिए हेलीपैड की सुविधा भी होगी।

इस अवसर पर अम्बाला छावनी के एसडीएम सितेंद्र सिवाच, पीडब्ल्यूडी के एसई नवनीत नैन, एक्सईएन रितेश अग्रवाल, डीएसपी आशीष चौधरी सहित एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


समाचार गेट

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को

आवश्यकता है

● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ

● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता

● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर

● विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-

krishna24news@gmail.com

मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)

संपर्क करें : 9818180269


# फिल्म अभिनेता राजकुमार राव की तरह जिला निर्वाचन अधिकारी भी जिला स्तर पर नवाचार, मस्कट व आइकॉन बनाएं : अनुराग अग्रवाल

**लोकसभा चुनावों में हरियाणा में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 9 मार्च।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने सभी उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे लोकसभा-2024 के आम चुनावों को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में यथाशीघ्र सेक्टरल ऑफिसर / सुपरवाइजर पद नामित कर दें।

उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किये गए भारत के चुनाव आयोग के इलेक्शन प्लानर के अनुरूप अपने-अपने जिलों का डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन प्लानर तैयार करें सभी जिला चुनाव अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जितने भी फॉर्म-6, 7 और 8 लंबित हैं उनका निपटान शीघ्र अति शीघ्र करें।

श्री अग्रवाल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए कुल मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का लक्ष्य लेकर हमें आगे बढ़ना होगा। आयोग का ध्येय है कि 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद कोई भी पात्र वोटर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाए बिना न रहे और न ही मतदान करने के लिए छूटे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को चुनाव का आइकॉन बनाया है। जिला स्तर पर भी निर्वाचन अधिकारियों को नवाचार, मस्कट व आइकॉन बनाने की ओर ध्यान देना होगा, परंतु इस बात का ध्यान रखें कि वह व्यक्ति गैर-राजनीतिक हो। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस बार लोकसभा चुनाव में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान हो। इस लक्ष्य को लेकर सभी को कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने जिलों में 1950 हेल्पलाइन नम्बर संचालित करें।



# जिला नूंह के ऐतिहासिक गांव घासेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रतिमा का अनावरण कर किया नमन**

**गांव घासेड़ा में बने पार्क का किया उद्घाटन और खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को जिला नूंह के ऐतिहासिक गांव घासेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की करीब साढ़े आठ फुट उंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 19 दिसंबर 1947 के आह्वान को मानते हुए आपने अपना मातृ वतन छोड़ा नहीं और सच्ची देशभक्ति का परिचय दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मेवात की कौम को देशभक्ति की रीढ़ की हड्डी बताते हुए उन्हें पाकिस्तान जाने से रोका था। उन्होंने यहां की कौम को पूरा मान-सम्मान व उनका हक दिलाने का आश्वासन देते हुए उनसे हिंदुस्तान में ही रहने की अपील की थी, जिसकी बदौलत यहां की अवाम ने देशभक्ति का परिचय देते हुए यही बसे रहने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मैं जब भी घासेड़ा गांव से गुजरता हूं तो महात्मा गांधी को तो नमन करता ही हूं, साथ ही घासेड़ा व मेवात के लोगों को भी सलाम करता हूं कि जिन्होंने अपनी देशभक्ति का सच्चा जज्बा दिखाते हुए यही भाईचारे के साथ रहने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि घासेड़ा गांव वीरों व नौजवानों का गांव है, इसलिए वे इस गांव में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा करते हैं। खेल स्टेडियम बनने से युवाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढने.का अवसर मिलेगा और युवा शक्ति का दिशा में उपयोग होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्राम पंचायत घासेड़ा में एक पार्क का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि इस पार्क से यहां के स्थानीय लोगों को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा। बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं व युवा अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर यहां सुबह-सायं सैर करके अपने स्वास्थ्य को निरोगी बनाने में सक्षम बनेंगे। इससे पहले गांव घासेड़ा में पहुंचने पर गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का फूल-मालाओं से व पगड़ी बांधकर परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन, राई सोनीपत से विधायक मोहनलाल बड़ौली, उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, जिला अध्यक्ष भाजपा नरेंद्र पटेल, भाजपा नेता सुरेंद्र भाटी व ताहिर हुसैन, गांव के सरपंच इमरान सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# द्वारका एक्सप्रेस-वे से बदलेगी गुरूग्राम की तस्वीर और तकदीर : राव नरबीर

**पूर्व मंत्री ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का दिया निमंत्रण**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हिसार, सिरसा व रोहतक क्लस्टर प्रभारी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में नमो-मनो सरकार में विकास की बहुत परियोजनाओं पर काम हुआ है। लोक निर्माण मंत्री रहते हुए मैंने द्वारका एक्सप्रेस वे को मंजूर कराया था। जिसके निर्माण पर 9600 करोड की राशि खर्च हुई है। 11 मार्च को गुरुग्राम के सेक्टर-84 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। जिससे गुरूग्राम की तस्वीर और तकदीर बदलेगी।

राव नरबीर सिंह भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत शनिवार को बादशापुर विधानसभा क्षेत्र के गांव खेडक़ी माजरा, धर्मपुर व धनवापुर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण देते हुए कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मेरी मांग पर द्वारका एक्सप्रेस-वे को मंजूर किया था। द्वारका एक्सप्रेस-वे को अपने राजनीतिक जीवन की विशेष उपलबधि बताते हुए राव नरबीर सिंह ने कहा कि पहले यह रोड हुडा रोड होता था। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ मीटिंग के दौरान मैंने इसे एनएच का दर्जा देने का सुझाव रखते हुए केन्द्र से बनाने की मांग की थी। नितिन गडकरी ने मेरी मांग को मानते हुए द्वारका एक्सप्रेस-वे को मंजूर किया और अब यह बनकर तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री इसका उदघाटन करने आ रहे है। इस द्वारका एक्सप्रेस-वे से दिल्ली की दूरी बहुत कम हो जाएगी। पहले जहां एक घंटे में दिल्ली पहुंचा जाता था, वहीं अब 22 मिनट का सफर होगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले विश्व में हमारा उल्लेख नहीं होता था, लेकिन करीब दस साल के शासन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख बढी है। मोदी की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि न केवल देश अपितु विदेशों में भी उनको सुनने के लिए लोगो का सैलाब उमडता है। हर जगह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर लोग बहुत ही खुश है। प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी योजना से लाभानवित हो रहा है। लोग खुश है कि प्रधानमंत्री भारत के हर नागरिक का जीवन सुगम बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है।

राव ने लोगों से सहयोग और समर्थन की अपील करते हुए कहा कि जाति के आधार पर नहीं बल्कि काम के आधार पर मतदान करना चाहिए। यदि आप लोगों को यह लगता है कि राव नरबीर सिंह ने विकास कराया है तो आगामी चुनाव में भाजपा को वोट देकर नरेन्द्र मोदी को 400 पार का आशीर्वाद देकर सफल बनाए, जिससे देश मजबूत हाथों में रहे और अर्थव्यवस्था में देश की तीसरी शक्ति बनकर जल्दी उभरे। साथ ही विजन 2047 तक भारत को विकसित राष्ट बनाने के संकल्प में अपनी भागीदारी दर्ज करे।

इस मौके पर गांव खेडक़ी माजरा में सरपंच रिंकू यादव, पूर्व सरपंच सुखपाल, लखी नंबरदार, जयसिंह, सुब्बे, रामकिशन सुबेदार, कृष्ण, जीवन नंबरदार, ओमप्रकाश, राजेश, राजेन्द्र, हरिओम, गुरदयाल, रामकंवार, जोगिन्द्र, संजय, महिपाल, राजकुमार, रमेश, सतबीर दौलताबाद, गांव धर्मपुर में सरपंच हरिओम, पूर्व सरपंच मनोज, पूर्व सरपंच रतन लाल, पूर्व सरपंच राजू, निहाल त्यागी, सत्यप्रकाश त्यागी, रामकिशोर त्यागी, नन्द किशोर त्यागी, अरूण त्यागी, मानप्रकाश त्यागी, कंवर लाल, राजू त्यागी, सुरेन्द्र, अशोक कुमार, मायानन्द त्यागी, गांव धनवापुर में सरपंच योगेन्द्र, पूर्व सरपंच सतपाल, महावीर चेयरमैन, प्रधान चुन्नी लाल, नवीन दहिया, बलबीर बिडलान, दीपक माही, कृष्ण पहलवान, मुकेश सिंगला, दयावती, मनीष दहिया, शिशु पहलवान, सन्नी दहिया, लक्ष्य दहिया, सन्नी धनवापुर, हनुमान दहिया, सतबीर दौलताबाद, हंसराज बरवाल, अनिल बैरवा, प्रधान अतुल शाह, सुधीर समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# दीपेंद्र हुड्डा ने घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत झज्जर में लोगों से की मुलाकात

**कांग्रेस पार्टी द्वारा 13 मार्च से पूरे प्रदेश में 'संविधान बचाओ यात्रा' की शुरुआत रोहतक लोकसभा क्षेत्र से होगी**

**प्रदेश में मजबूत सरकार चाहिए मजबूर नहीं : दीपेन्द्र हुड्डा**

**केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार आने पर अग्निपथ योजना समाप्त करेंगे, भर्ती अग्निवीरों को रेगुलर करेंगे : दीपेन्द्र हुड्डा**

**हरियाणा में बेरोजगारी की वजह से युवा दूसरे प्रदेशों में या जान जोखिम में डालकर विदेश पलायन कर रहे : दीपेंद्र हुड्डा**

**देश और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही एम्स-2 बाढ़सा के बाकी बचे सभी मंजूरशुदा संस्थानों के काम को युद्धस्तर पर करायेंगे पूरा : दीपेंद्र हुड्डा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**झज्जर, 9 मार्च।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत दौरा कर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश बीजेपी-जेजेपी के कुशासन, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध से परेशान है। जो हरियाणा कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में गिना जाता था वो आज विकास में 17वें नंबर पर और महंगाई, बेरोजगारी, नशा, अपराध, भ्रष्टाचार में 1 नंबर पर है। आज हरियाणा में रिकार्ड बेरोजगारी की वजह से युवा दूसरे प्रदेशों या विदेश में पलायन कर रहे हैं। बड़ी तादाद में नौजवान नशे व अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं। अब हरियाणा की जनता कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि मौजूदा सरकार देश के संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर प्रहार कर उन्हें कमजोर कर रही है। इसलिए आगामी 13 मार्च से पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी 'संविधान बचाओ यात्रा' निकलेगी, जिसकी शुरुआत रोहतक लोकसभा क्षेत्र के बहादुरगढ़ हलके से होगी। 'संविधान बचाओ यात्रा' 14 को बादली, 15-16 को कोसली हलके में, 17 को झज्जर, 18 को बेरी, 19 को कलानौर 20 को किलोई-सांपला, 21-22 को महम हलके में और 23 को रोहतक में रहेगी। होली के त्योहार के बाद यह यात्रा आगे पूरे प्रदेश में जारी रहेगी।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में मजबूत सरकार चाहिए मजबूर नहीं। मौजूदा सरकार की कमजोरी के चलते हरियाणा विकास में दशकों पीछे चला गया। उन्होंने अपने कार्यकाल में कराए गए दर्जनों बड़े विकास कार्यों को बताते हुए सीधा सवाल किया कि भाजपा सरकार और भाजपा सांसद बताएं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास के लिए क्या किया। अलबत्ता प्रदेश में कमजोर सरकार के चलते इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रेल कोच फैक्ट्री जैसी बड़ी परियोजनाएं हरियाणा से दूसरे प्रदेशों में चली गई या बाढ़सा एम्स-2 परिसर के मंजूरशुदा 10 स्वास्थ्य संस्थान रद्द कर दिए गए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कमजोर सरकार के कारण ही प्रदेश के दर्जनों मंजूरशुदा प्रोजेक्ट हरियाणा से बाहर चले गये। सरकार में बैठे लोगों ने इसका विरोध तक नहीं किया।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संकल्प बताते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन देंगे। हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे यानी 300 यूनिट से ज्यादा होने पर गिनती 1 यूनिट से होगी। हर गृहणी को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन, गरीब, पिछड़े, दलित परिवारों के लिये 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट की योजना दोबारा शुरु होगी, इंदिरा आवास योजना के तहत मकान बनवाने के लिये साढ़े 3 लाख रुपये की किश्त देंगे। हरियाणा में कच्ची भर्ती नीति खत्म कर रिजर्वेशन, पेंशन के साथ पक्की भर्ती शुरु होगी। किसानों को एमएसपी की गारंटी देंगे। केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार आने पर अग्निपथ योजना समाप्त करेंगे और भर्ती अग्निवीरों को रेगुलर करेंगे। सफाई कर्मचारियों, ग्रामीण चौकीदारों, मनरेगा मेठ को पक्का करने की नीति लेकर आयेंगे। आशा वर्कर, आंगनवाड़ी, पंचायतों के सरपंचों के अधिकार बढ़ायेंगे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने एम्स-2 परिसर के मंजूरशुदा 10 स्वास्थ्य संस्थानों के बारे में बताया कि उन्होंने यहाँ राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के अलावा 10 संस्थान और मंजूर कराये थे। जिनमें 710 बेड वाले राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के अलावा 600 बेड का नेशनल कार्डियोवैस्कुलर सेंटर, 500 बेड का जनरल पर्पस हॉस्पिटल, 500 बेड का नेशनल ट्रांस्प्लांटेशन सेंटर, 500 बेड का नेशनल सेंटर फॉर चाइल्ड हेल्थ, 500 बेड का डाइजेस्टिव डिजीज सेंटर, 200 बेड का नेशनल इंसटिट्यूट फॉर जिरियाटिक्स, कॉमप्रिहेंसिव रिहेबिलिटेशन सेंटर, 120 बेड का सेंटर फार ब्लड डिसार्डर, सेंटर फॉर लेबोरेटरी मेडिसिन, नेशनल सेंटर फॉर नर्सिंग एजुकेशन एंड रिसर्च प्रमुख हैं। लेकिन पिछले 10 साल में यहाँ एक ईंट भी नहीं लगी। इनके अब तक न बनने से इलाके में भारी रोष है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि देश और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही बाकी बचे सभी मंजूरशुदा संस्थानों के काम को वो युद्धस्तर पर पूरा करायेंगे।

# महिला दिवस का तोहफा... रसोई गैस सिलेंडर सौ रु सस्ता



**समाचार गेट ब्यूरो**

महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रसोई गैस सिलेंडर सौ रुपये सस्ता करने की घोषणा करते कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ साथ करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ कम होगा। यह लोकसभा चुनाव से पहले नारी का वंदन कहा जा रहा है। दामों में कटौती शनिवार से लागू भी हो गयी है। जानी, इसे कहते हैं चुनाव मैनेजमेंट! झटपट फैसला, झटपट लागू! इधर सोचा, उधर कर दिया लागू। असल में तो यह काम विपक्ष का था कि रसोई गैस सिलेंडर की इतनी बढ़ीं कीमतों का विरोध करता लेकिन विपक्ष तो पता नहीं कौन से न्याय के लिए यात्रा पर है? इतना बड़ा जनसाधारण का मुद्दा विपक्ष से औझल कैसे रहा? कहां तो पांच रुपए रसोई गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने पर स्मृति ईरानी ने तब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ियाँ भेजने की बात की थी और सिलेंडर के साथ सड़क पर प्रदर्शन किया था और कहाँ यह विपक्ष जिसके सामने रसोई गैस सिलेंडर की कीमत पांच सौ से बढ़ती बढ़ती दुगुनी हो गयी लेकिन विपक्ष सोया रहा।

कीमतें बढ़ाने और घटाने दोनों का श्रेय भाजपा ने ही ले लिया। इसे कहते हैं मैनेजमेंट! रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों को विपक्ष ने कभी गंभीरता के साथ नहीं उठाया। हां, इतना जरूर कहा गया कि हम सत्ता में आये तो रसोई गैस सिलेंडर की कीमत फिर से पांच सौ रुपये कर देंगे। वो तो तब की बात जब आप सत्ता में आयेंगे तो उससे पहले कुछ नहीं करना था आपने? जनता का बहुत बड़ा मुद्दा था यह और सरकार ने ही इसे हल करने का श्रेय भी ले लिया। कभी लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ऐसी कुछ और घोषणायें हो सकती हैं और विपक्ष मात खाता जायेगा। ऐसे ही कभी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी विपक्ष को निहत्था कर देने के फैसले लिया करती थी और विपक्ष देखता रह जाता था।

मेरी दुआ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की तकलीफ को भी महसूस करें और उनको बिना आंदोलन के और बिना किसान दिवस के एमएसपी का तोहफा दे दें। अन्नदाता का भी तो ध्यान रखना जरूरी है।

# महिलाओं का सम्मान ही देश व समाज का सम्मान : कुमारी सैलजा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/सफीदो।** कांग्रेस कार्यसमिति (CWC) की सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान ही देश व समाज का असली सम्मान है। जिस समाज में महिलाओं का सम्मान होता है, वह समाज आगे बढ़ता है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। कुमारी सैलजा महिला दिवस पर आयोजित आभार समर्पण के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में संबोधित कर रही थी। उन्होंने यहां लगभग 200 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नाम चमकाने के लिए सम्मानित किया।

कुमारी सैलजा ने कहा कि आज देश की आधी आबादी महिलाओं की है। यदि महिला शिक्षित होगी तो वह दो परिवारों की जिंदगी सुधारेगी। आज बहुत से लोग हैं, जो अपनी तरक्की के पीछे महिलाओं का हाथ बताते हैं। वह पत्नी के रुप में, बहन के रुप में तथा माता के रुप में हर कामयाब आदमी के पीछे होती है। अब महिलाएं भी विकास और तरक्की का माध्यम बन रही हैं। देश की पहली महिला शिक्षिका ज्योतिबाई फुले ने विपरीत परिस्थितियों में देश का नाम रोशन किया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि आज महिलाएं गर्व के साथ आगे बढ़ रही हैं। समाज सेवा का क्षेत्र हो, नौकरी का क्षेत्र हो या फिर खुद का रोजगार का मामला हो, महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक बलवान दौलतपुरिया, पूर्व सांसद चरण सिंह रोड़ी, पूर्व विधायक राजरानी पूनम, पूर्व विधायक रिशाल सिंह, नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन राकेश जैन, मेजर राजेंद्रपाल, ईश्वर कौशिक, डॉ. सत्यवान सैन, रिंकू मलिक, चंदन सिंह, नरेश बराड़, ऊषा बराड़, मैनपाल मुआना, श्यामलाल स्वामी, राजेंद्र नंबरदार, धर्मबीर सर्राफ, श्यामलाल स्वामी, राजेश चाढ़ीवाल भी मौजूद रहे।

**महिलाओं को नौकरी में मिले विशेष आरक्षण**

कुमारी सैलजा ने कहा कि महिलाएं कमजोर इसलिए रह गई हैं क्योंकि उन्हें मौका नहीं मिला। महिलाओं के उत्थान के लिए उनको नौकरी में विशेष आरक्षण मिलना चाहिए। जब कहा जाता है कि महिला को देवी माना जाता है और देवी की पूजा होती है। सैलजा ने कहा कि उन्हें पूजा की जरूरत नहीं, केवल सम्मान की ही जरूरत है।

**घर में भी, परिवार में भी संघर्ष कर रही महिलाएं**

कुमारी सैलजा ने कहा कि जब-जब महिलाओं को, बहनों को मौका मिलता है, चाहे कोई भी अवसर हो जैसे खेल का, हमारी बहनों ने हमारा नाम रोशन किया है। खासकर हरियाणा की बेटियों ने खेलों में हरियाणा का नाम रोशन किया है। यदि हम अपनी बहनों, बेटियों को मौका दें तो वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ती हैं। प्रतिभा में कोई कमी नहीं है, मौका देने में कमी हो सकती है।

**हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने में दिया सहयोग**

कार्यक्रम में सहयोगी बालाजी अस्पताल के संचालक डॉ. देवेंद्र सहरावत ने कहा कि वह हमेशा ही महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करते रहे हैं। पिल्लूखेड़ा तथा सफीदों में समाजसेवी के लिए वह हमेशा तैयार रहते हैं। यदि महिलाएं आगे बढ़ेगी तो पुरुषों का भी नाम होगा। इसलिए हमें अपनी बेटियों को शिक्षित करने की जरूरत है, उनको मौका देने की जरूरत है, वह आगे अपने आप बढ़ जाएंगी।

# द्वारका एक्सप्रेस-वे से खुलेगा हरियाणा के विकास का नया रास्ता : धनखड़

**11 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे द्वारका एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ**

**झज्जर से 10 हजार लोग पहुंचेंगे उद्घाटन समारोह में**

**भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने बादली विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की ली बैठक**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बादली।** अच्छे सडक़ मार्ग किसी भी देश की प्रगति के आधार होते हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में पिछले दस वर्षों में भारत का सडक़ मार्ग नेटवर्क बहुत मजबूत हुआ है। सडक़ेअच्छी हो रही हैं और देश का विकास हो रहा है। पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलकावासियों को द्वारका एक्सप्रेस के शुभारंभ समारोह का न्यौता देते हुए यह बात कही। धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी 11 मार्च को सुबह दस बजे गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस वे का शुभारंभ करेंगे। इस एक्सप्रेस वे का सबसे ज्यादा लाभ झज्जरवासियों को होगा, इसलिए झज्जर से सबसे ज्यादा भागीदारी होगी। धनखड़ ने बादली ,दादरी तोए, सुबाना और कुलाना मंडी में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए जिम्मेदारियां भी सौंपी।

धनखड़ ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेस-वे शुरू होने से हरियाणा के विकास का नया रास्ता खुलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो रहा है। ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। सडक़े अच्छी बनी है और देश का विकास हो रहा है। इतना ही नहीं अब भारत विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। विदेशों में जिस तरह अच्छी सडक़ों के कारण विकास हुआ है। ठीक उसी तरह अब अच्छी सडक़ों की बदौलत ही हरियाणा और पूरे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

धनखड़ ने कहा कि एक्स्प्रेस-वे पर 16 लाइनें होंगे जिनमें से 8 ऊपर व 10 नीचे होंगी। यह सबसे शानदार एक्सप्रेस-वे होगा जो देश के विकास को भी रफ्तार देगा। क्योंकि किसी भी देश में सडक़ व रेल मार्ग जितना मजबूत होता है वह उतना तेजी से विकास करता है। ओपी धनखड़ ने लोकसभा चुनावों के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि देश की जनता पीएम मोदी जी के कार्यों पर मुहर लगाते हुए उन्हें फिर से पीएम चुनने के लिए चुनावों का बेसब्री से इंतजार कर रही है। बैठक में मंडल अध्यक्ष और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार नहीं होती तो धारा-370 नहीं हटती : डा. मोहन यादव

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित : यादव**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति को मिला है सम्मान : मोहन यादव**

**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का गुरुग्राम पहुंचने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया स्वागत**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार नहीं होती तो जम्मू कश्मीर से कोई धारा-370 नहीं हटा सकता था। मोदी सरकार से पहले जम्मू-कश्मीर में 40 हजार लोगों की निर्मम हत्या हुई। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। श्री यादव ने ये बातें गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में कलस्टर की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले मोहन यादव का कार्यालय पहुंचने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वागत किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल नूंह में आयोजित कार्यक्रम के बाद गुरुकमल कार्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने पहुंचे थे। यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का औपचारिक स्वागत भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने आगामी कार्यक्रमों के लिए निकल गए। बैठक की शुरूआत मोहन यादव ने दीप प्रज्जवलित कर की। इस दौरान उनके साथ कलस्टर के प्रभारी मनीष ग्रोवर, लोकसभा संयोजक मनीष मित्तल, महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा के सांसद धर्मबीर सिंह, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल, कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने भी द्वीप प्रज्जवलित किया।

बैठक में औपचारिक स्वागत के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों के साथ-साथ पार्टी की रणनीति पर भी चर्चा की और चुनाव प्रबंधन की बातें बताई। श्री यादव ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से पूरी तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। कलस्टर की इस बैठक में गुरुग्राम, फरीदाबाद और महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के चुनाव प्रबंधन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि हम भगवान राम और कृष्ण की संस्कृति को मानने वाले लोग हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सनातन संस्कृति को आगे लेकर जा रही है। उन्होंने कहा कि 10 सालों में उज्जैन, बनारस का पुनउर्त्थान हुआ और अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बना। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का ही कमाल है कि पूरा देश राममय हुआ है।

मोहन यादव ने कहा कि अब जल्द ही लोकसभा चुनावों की घोषणा होगी। चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत हितों को दरकिनार कर पार्टी हित के काम में जुटना है। जिस कार्यकर्ता को जो काम मिला है उसी काम में सर्वश्रेष्ठ देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की बदौलत लोकतंत्र जिंदा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित राष्ट्र के मिशन को हमें पूरा करना है। श्री यादव ने कहा कि बीजेपी परिवार का हर सदस्य 'अबकी बार 400 पार' के लक्ष्य को पूरा करने में जुट जाएं।

बैठक में कलस्टर प्रभारी मनीष ग्रोवर, कलस्टर संयोजक मनीष मित्तल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, सांसद धर्मबीर सिंह, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल, कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, पलवल के विधायक दीपक मंगला, गुरुग्राम विधायक सुधीर सिंगला, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जिला अध्यक्ष कमल यादव आदि उपस्थित रहे।

**भाजपा में काम करने वाले कार्यकर्ता को मिलता है मौका : मोहन यादव**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भाजपा में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को ही आगे बढ़ने का मौका मिलता है। मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं पर पार्टी नजर रखती है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं एक कार्यकर्ता हूं और मुख्यमंत्री के रूप में आप लोगों के बीच में हूं। उन्होंने कहा कि मुझे हरियाणा में आकर और आप जैसे कार्यकर्ताओं से मिलकर गौरव महसूस हो रहा है। बैठक में मोहन यादव ने हंसी मजाक का माहौल बनाते हुए कार्यकर्ताओं से चर्चा भी की। मोहन यादव ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता होना सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और तीसरी बार भाजपा की जीत सुनिश्चित करके इतिहास रचने का भी आह्वान किया।

# टूटी सड़कों व गड्ढों से मौत की जिम्मेदार गठबंधन सरकार : कुमारी सैलजा

**सड़कों व गड्ढों से जान गंवाने वालों के परिजनों को दें 50-50 लाख रुपये सहायता राशि**

**चार साल तक सड़कों को दुरुस्त करने में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने नहीं दिखाई दिलचस्पी**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में टूटी सड़कों व गड्ढों के कारण होने वाली हर मौत की जिम्मेदारी भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार है। प्रत्येक मौत पर हत्या की धारा लगाते हुए इसके लिए जिम्मेदार अफसरों व सरकार में बैठे लोगों पर केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही साल टूटी सड़कों व गड्ढों के कारण जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये की सहायता राशि दी जानी चाहिए।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट बताती हैं कि पिछले 14 महीने के दौरान प्रदेश में टूटी सड़कों व गड्ढों के कारण 50 से अधिक मौत हो चुकी हैं। कितनी ही बार आरोपियों को बचाने के लिए इन मौत के लिए जिम्मेदार विभाग व उसके अफसरों के खिलाफ पुलिस में केस तक दर्ज नहीं किया जाता। मृतक के परिजन कुछ दिन धक्के खाकर सरकारी सिस्टम से तंग आकर थक कर घर बैठ जाते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जारी रिपोर्ट चौंकाने से पता चलता है कि साल 2022 में टूटी सड़कों व गड्ढों की वजह से प्रदेश में 130 सड़क दुर्घटनाएं हुई।

इनमें गड्ढों के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं में 47 लोगों की जान चली गई। जबकि, लोग वाहन खरीदते समय रोड टैक्स देते हैं और फिर जब सड़क पर गाड़ी चलाते हैं तो जगह-जगह टोल टैक्स देते हैं। ऐसे में सड़कों को दुरुस्त व गड्ढा मुक्त रखने की जिम्मेदारी सरकार व सड़क की मलकियत वाले महकमे की रहती है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण व शहरी इलाकों की हालत किसी से छिपी नहीं है। गांवों अप्रोच रोड व शहरों के अंदरूनी रोड एक जैसे हैं। इन पर सड़क कम, गड्ढे ज्यादा हैं। प्रदेश सरकार ने 2019 से लेकर अक्टूबर 2023 तक इन सड़कों के निर्माण पर एक भी रुपया खर्च नहीं किया। वहीं, सड़क सुरक्षा के नाम पर खर्च हो रही राशि में भी बड़ा गोलमाल किया है, अन्यथा सड़क हादसों में बढ़ोतरी न होती। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट बताती है कि साल 2021 में हरियाणा में हुए सड़क हादसों में हुई मौतों के मुकाबले साल 2022 में 4.44 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। साल 2022 में 4915 लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में हुई, जबकि 2021 में 4706 लोगों की मौत हुई थी। सड़क दुर्घटनाओं में 1231 पैदल यात्रियों व 190 साइकिल सवारों की मौत से स्पष्ट है कि सरकार ने मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए। बजट को सिर्फ फाइलों में ही खर्च कर दिया।

# लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में बनाए जाएंगे 59 उप मतदान केंद्र

**उप मतदान केंद्र पर अलग से नियुक्त होगी पोलिंग पार्टी : डीसी निशांत कुमार यादव**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए स्थापित किए गए गुरूग्राम जिला में 1270 पोलिंग स्टेशन के अलावा 59 उप मतदान केंद्र भी बनाए जाएंगे। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन पोलिंग बूथ पर 1500 या इससे अधिक मतदाता हैं, वहां अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं की सुविधा के लिए गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र में ये उप मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इनके लिए अलग से पोलिंग पार्टियां गठित कर उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी। इस प्रकार गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र में कुल 1329 पोलिंग पार्टियां बनाई जाएंगी। इनके अलावा बीस प्रतिशत पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रहेंगी।

डीसी ने बताया कि पटौदी विधानसभा क्षेत्र में 247, बादशाहपुर में 428, गुरूग्राम में 351 तथा सोहना विधानसभा क्षेत्र में 244 मतदान केंद्र हैं। इनमें 1500 से अधिक मतदाता वाले पटौदी में तीन, बादशाहपुर में 27, गुरूग्राम में 16 और सोहना विधानसभा क्षेत्र में 13 बूथ चिन्हित किए गए हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर मेन पोलिंग बूथ के अलावा 59 उप मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रकाशित की गई लोकसभा क्षेत्र की अंतिम मतदाता सूचि के अनुसार पटौदी विधानसभा क्षेत्र में दो लाख 45 हजार 787, बादशाहपुर में चार लाख 62 हजार 765, गुरूग्राम में चार लाख 5 हजार 814 व सोहना विधानसभा क्षेत्र में दो लाख 70 हजार 259 मतदाता हैं। जिला में कुल 13 लाख 84 हजार 625 वोटर हैं। निशांत कुमार यादव ने बताया कि 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के नागरिक अभी वोट बनवा सकते हैं। इसके लिए नागरिक अपने क्षेत्र के बीएलओ से फार्म नंबर 6 लेकर उसे भर कर दे सकते हैं। इसके अलावा निर्वाचन विभाग की वेबसाइट वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन पर मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। गुरूगाम के निर्वाचन तहसीलदार राजेंद्र सिंह ने बताया कि जिला के चारों विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम द्वारा उन स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग आदि प्रचार सामग्री लगाई जानी है। लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार केवल इन्हीं चिन्हित किए गए स्थानों पर ही अपनी प्रचार सामग्री लगा सकेंगे। इसके अलावा जिला के चारों हलकों में रैली स्थल भी चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है, जहां पर जनसभाओं का आयोजन होना सुनिश्चित किया जाएगा।

# गाँव शहर में खुद रणदीप बनकर करें इंडिया गठबंधन उम्मीदवार सुशील गुप्ता का प्रचार प्रसार : सुरजेवाला

**बोले- भाजपा जजपा के 10 साल के शासनकाल में देश की जनता ने अपने आपको ठगा हुआ महसूस किया**

**कार्यकर्ता मीटिंग में कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के सयुंक्त प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता भी रहे मौजूद**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कैथल, 09 मार्च।** भाजपा जजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में किसान, मजदूर, छोटा दुकानदार व गरीब के विश्वास के साथ खेलने का काम किया है। भाजपा सरकार द्वारा हर रोज किसानों पर हो रहा लाठीचार्ज, रोजगार की तलाश में भटक रहा नौजवान, अपार महंगाई ने देश व प्रदेश की जनता के विश्वास को लूटने व ठगने का काम किया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज किसान भवन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक ली।

कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के सयुंक्त प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता की मौजूदगी में कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि साल 2014 में सत्ता में आने से पहले मोदी सरकार का अच्छे दिनों का वायदा,हर खाते में 15 -15 लाख का वायदा, किसानों को लागत पर 50 प्रतिशत का वायदा,हर नौजवान को हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वायदा,फसल की पूरी कीमत देने का वायदा किया था लेकिन सत्ता में आने के बाद ना अच्छे दिन आए, ना 15 लाख आए, ना किसानों को फसल की पूरी कीमत मिली, ना फसल की लागत पर 50 प्रतिशत मिला,ना हर नौजवान को रोजगार मिला बल्कि भाजपा सरकार ने गरीबों के हकों को छीनने का काम किया है, एससी सब प्लान को ख़त्म करने का षड्यंत्र भी भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है।

कैथल में भाजपा के नुमाइंदों पर आरोप लगाते हुए सुरजेवाला ने कहा कि आज कैथल में सरकारी दफ़्तरों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा के नुमाइंदे जमीनों पर नजायाज कब्जे कर रहे हैं। सरकारी दफ़्तरों के कर्मचारियो की तरफ से भाजपा नेताओं के घर पर 3-3 मंथली जाती हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस का शासन था तो किसी की हिम्मत नहीं थी कि कैथल के लोगो ने की तरफ कोई नाजायज नजर उठाकर देख सके, कोई अधिकारी आम जनमानस की जेब पर डाका डाल सके लेकिन भाजपा के शासन में आज हर वर्ग भय के माहौल में जीने को मजबूर है।

सुरजेवाला ने कहा कि साल 2014 के चुनाव से पहले भी हमने कहा था कि जो आपके अजीज ने काम किए हैं वो इनके लाइटों के बल्ब भी नहीं बदला पायेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हमने ये सुनिश्चित किया कि क्षेत्रवासियों को हर प्रबल सुविधा जैसे: गलियों, नालियों, सड़कों, हस्पताल, चौपाल, संपूर्ण तौर से सीवरेज की व्यवस्था, बूर्स्टिंग स्टेशन के माध्यम से पीने के पानी की उचित व्यवस्था, वाटर वर्क्स, पार्क, स्टेडियम, सीवरेज ट्रीटप्लांट, 36 बिरादरी की धर्मशालाएं, खेत में सिंचाई के लिए रजबाहे की व्यवस्था, उचित बिलजी की व्यवस्था के लिए 33 केवी, 132 केवी सब स्टेशनों का निर्माण, शहर में उचित सफाई की व्यवस्था, 4 लेन व 6 लेन सड़कों के साथ साथ स्ट्रीट लाइटों, स्कूल कोलेज, स्टेडियम इत्यादि सबका निर्माण किया लेकिन मुख्यमंत्री खट्टर कैथल में 65 बार आ चुके हैं लेकिन कैथल को विकास के नाम पर एक भी फुट्टी नहीं दी। बल्कि आज भाजपा के नुमाइंदो ने भाई उदय सिंह किला के सामने कब्जा कर रखा है और सरकारी जमीन पर 11 हजार की पर्ची काटते हैं, इस किले पर बनने वाला स्टेडियम गेट और पार्क आज भी अधूरे पड़ें हैं, भाजपा के नेता ये बताएं कि उन्होंने कैथल में धर्मशाला, चौपाल, स्कूल, स्टेडियम, बिजली घर के लिए एक भी रुपया दिया हो तो बताएं।

सुरजेवाला ने कहा कि 10 साल से भाजपा जजपा की सरकार है और कुरुक्षेत्र लोकसभा से 2 बार भाजपा के ही सांसद बन रहे हैं। लेकिन 10 साल में एक भी नया काम कैथल में नहीं कर पाए, सिर्फ जाति बंटवारे की राजनीति कर आपसी भाईचारा खराब किया है। जो काम करेगा वो जात की बात नहीं करेगा और जो जात की बात करेगा वो आपका काम नहीं करेगा। फैसला आप लोगों को करना है।

रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को खुद रणदीप बनकर काम करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ सुशील गुप्ता को भारी मतों से कैथल से जीताकर भेजें। उन्होंने कहा कि मैं खुद डॉ सुशील गुप्ता के लिए प्रचार करूँगा।

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ सुशील गुप्ता ने लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि भाजपा की तानाशाही को ख़त्म करने के लिए इंडिया गठबंधन को वोट करें। ये जीत आप सबकी जीत होगी और कहा कि जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूँगा। इससे पहले अम्बाला रोड़ स्थित दीप पैलेस में चुनावी कार्यालय का डॉ सुशील गुप्ता, सुदीप सुरजेवाला व आदित्य सुरजेवाला ने हवन करके शुभारम्भ किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायाधीशों ने दोनों पक्षों की आपसी सहमति से 4657 मामलों में से किया 2952 मामलों का निपटान



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) व हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण (हालसा) के सौजन्य से शनिवार को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से जिला व उपमंडल की न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इस दौरान न्यायाधीशों ने दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मामलों का निपटान किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 4657 मामलों में से 2952 मामलों की सुनवाई की गई तथा कुल सात करोड़ 20 लाख 56 हजार 913 रुपये की राशि जुर्माना व अवार्ड के रूप में पास की गई। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री लिटिगेशन के 472 मामलों में सभी निपटान कर दिया गया तथा 77 लाख 70 हजार 905 रुपये अवार्ड व जुर्माना राशि तथा कोर्ट में लंबित मामलों के 4185 मामलों में से 2480 मामलों का निपटारा किया गया जबकि छ: करोड़ 42 लाख 86 हजार 08 रुपये की राशि जुर्माना व अवार्ड के रूप में पास की गई।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुणाल गर्ग ने बताया कि इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न अदालतों में लंबित मुकदमों अपराधिक मामलों, एनआईए एक्ट, बैंक रिकवरी, एमएसीटी, श्रम विवाद, बिजली व पानी बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, सर्विस मामलों सहित अन्य सिविल मामलों की सुनवाई की गई। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग द्वारा जिला स्तर पर गठित बैंचों में लोक अदालत में मामलों की सुनवाई की गई।

इसी प्रकार से उपमंडल फिरोजपुर-झिरका व पुन्हाना की अदालतों में न्यायाधीशों ने मामलों की सुनवाई कर नागरिकों के मामलों का निपटान किया। सीजेएम सुनील कुमार गर्ग ने बताया कि जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार दुग्गल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जोगिन्द्र सिंह,न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) कार्तिका शर्मा, उपमंडल पुन्हाना में उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी नेहा गोयल, तथा उपमंडल फिरोजपुर-झिरका प्रदीप कुमार की अदालत में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करते हुए न्यायाधीशों ने कहा कि लोक अदालत में मामलों के निपटान से नागरिकों से समय व धन की बचत होती है।

# हर घर बेटी के नाम मुहीम के तहत बेटियों को उनके नाम की प्लेट दी



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सर्व कल्याण मंच ये कुछ ऐसे पल है जो हमारी संस्था को हमेशा समाज हित के कार्य करने के लिए प्रेरणा देते रहेंगे, आज हरियाणा के आदरणीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा नूंह (मेवात) में हर घर बेटी के नाम मुहीम के तहत बेटियों को उनके नाम की प्लेट दी तथा सर्व कल्याण मंच की टीम को और ज्यादा समाज की भलाई एवं जागरूकता हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया, पूरे हरियाणा प्रदेश की मंच की टीम की तरफ से मुख्यमंत्री हार्दिक आभार।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने में अग्रणी भूमिका निभाएगा हरियाणा : कैलाश विजयवर्गीय

**लोगों का जोश बता रहा है कि हरियाणावासियों को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर है पूरा विश्वास : कैलाश विजयवर्गीय**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में कुरुक्षेत्र, करनाल, अंबाला, सोनीपत लोकसभा कलस्टर की बैठक लेने पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हरियाणा की जनता को भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीताने की आदत हो गई है। लोगों का जोश और उत्साह बता रहा है कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है और दस की दस लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर केंद्र में मोदी की बहुमत से सरकार बनाने में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा में जिस तरह से विकास किया है उसी के दम पर केंद्र में मोदी और राज्य में मनोहर सरकार बननी तय है। श्री विजय वर्गी शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में कुरुक्षेत्र, करनाल, अंबाला, सोनीपत लोकसभा कलस्टर की बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां श्री विजयवर्गीय ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर लगातार चुनाव जीतती आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सरकार के साथ मिलकर देश और प्रदेश को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम रहा है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता अपनी मेहनत के दम पर ही आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है, ऐसे में सभी कार्यकर्ता हर लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड बहुमत से भाजपा को जीताने के लिए जुट जाएं।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जब देश में यूपीए की सरकार थी तब देश की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी। कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार चरम पर था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था 5वें नंबर पर है और जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने वाला देश होगा। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को विकसित बनाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। गरीब कल्याण की नीतियों से देश और प्रदेश के गरीबों का जीवन इन दस सालों में सरल बना है।

राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि विपक्ष के नेताओं को चुनाव के समय जनता की याद आती है। भ्रम और झूठे वादों के जरिए विपक्ष सत्ता हासिल करना चाहता है। लेकिन देश और हरियाणा की जनता अब कांग्रेस को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए हर वर्ग के उत्थान का काम कर रही है।

राष्ट्रीय महासचिव विजयवर्गीय ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मोदी और मनोहर सरकार की योजनाओं और उपलबधियों को लेकर जनता के बीच जाएं। हर पात्र लाभार्थी को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में को 370 पार का लक्ष्य पार करना है। भाजपा के 370 पार के लक्ष्य को पूरा करने में कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुट जाएं।

क्लस्टर की बैठक में क्लस्टर प्रभारी राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रभारी कंवर पाल गुर्जर व कुरुक्षेत्र लोकसभा संयोजक सुभाष सुधा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, मंत्री संदीप सिंह, कमलेश डांढ़ा, महिपाल ढांडा, विधायक लीलाराम गुर्जर, घनश्याम अरोड़ा, जिला अध्यक्ष रवि बतान, जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, सुशील राणा, रविन्द्र सांगवान, धर्मवीर मिर्ज़ापुर, कृष्ण बेदी के अलावा कुरुक्षेत्र, करनाल, अंबाला, धूम्मन सिंह किरमिच, दीपक चौहान, सोनीपत लोकसभा के संयोजक व सह-संयोजक उपस्थित रहे।

# राव नरेंद्र सिंह ने कोसली विधानसभा के दर्जनों गांवों में किया दौरा

**कोसली के हर कौने से एक ही आवाज इबकै दिपेन्द्र**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कोसली।** शनिवार को हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं रोहतक लोकसभा के कोऑर्डिनेटर राव नरेंद्र सिंह ने कोसली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बव्वा , भाला , जैनाबाद , डहीना , कवाली , खुशपुरा सहित अन्य गाँवो का दौरा कर आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस के पक्ष में प्रचार प्रसार किया । विभिन्न गाँवो में पहुंचने पर राव नरेंद्र सिंह का फूल मालाओं व पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया । इस अवसर पर राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आज प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार से बेहद परेशान है व अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं ।

जो हरियाणा प्रदेश चौ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस कार्यकाल में प्रति व्यक्ति आय व प्रति व्यक्ति निवेश में पहले स्थान पर था आज वही प्रदेश बेरोजगारी , महंगाई , अपराध में पहले स्थान पर पहुंच गया है । आज सरकार की अयोग्यता व अक्षमता के चलते प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से डगमगाई हुई है , हाल ही में एक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की जिस प्रकार से गोलियां मार के हत्या की गई उससे हरियाणा के नागरिक अपनी जान माल की सुरक्षा के प्रति चिंतित हैं , सरकारी की नाकामी को लेकर लोगों में आक्रोश है ।

राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा में बेरोजगारी राष्ट्रीय स्तर से भी दोगुनी है , बेरोजगारी के चलते प्रदेश के युवा विदेशों में पलायन करने पर मजबूर हैं व बड़ी तादाद में युवा नशे व अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं ।

राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कोसली की जनता ने आज पूरी तरह से मन बना लिया है कि आगामी लोकसभा चुनावों में कोई कसर नही छोड़ेंगे व दीपेंद्र हुड्डा को 50 हज़ार से अधिक अंतर से कोसली से जिताने का काम करेंगे । इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं यूथ कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर कृष्ण राव , किसान नेता मास्टर धर्मेंद्र , विजय सिंह चेयरमैन , सुमेर प्रधान बिहाली , सुमेर चेयरमैन कनीना , मनोज प्रधान ,राजकुमार कोटिया , रविन्द्र हुडीना, वीरेंद्र सिहमा , समीर कनीना , मनोज गाहड़ा , विनोद सरपंच बाघोत , मातूराम शर्मा बाघोत , हरदीप गहली सहित अन्य स्थानीय मौजिज लोग उपस्थित रहे।

# गुडियानी में चलाया घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान

**समाचार गेट ब्यूरो**




**कोसली।** घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत जिला रेवाड़ी प्रभारी दीपक वैद्य, पूर्व जिला अध्यक्ष दीवान सिंह चौहान एवम प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश डाबला ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ गुडियानी का दौरा किया। यहां लोगों से मुलाकात करते हुए कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार किया। इस अवसर पर प्रभारी दीपक वैद्य ने कोसली ब्लाक के मंडल गुडियानी के गांव गुडियानी, सुर्खपुर, शादीपुर, अहमदपुर पड़तल, जखाला, बहरमपुर, उष्मापुर, बॉस , रतन्थल, मुंदड़ा, गोपालपुर गाजी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली और संगठन कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर लोगो को पार्टी की नीतियों को घर घर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सभी नीतियां जनता के हित में हैं और कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो आम आदमी का भला कर सकती है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार से समाज का हर वर्ग दुखी है।

सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है जिससे जनता में रोष है। दीवान सिंह चौहान ने कहा कि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा से एक मात्र सांसद हैं जो जनता की समस्या को राज्यसभा उठाते है।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच मनोज राजोरा, सुरेंद्र चेयरमैन नाहड़, अजय यादव बल्ला, सूबेदार मानसिंह रतनथल, पूर्व सरपंच सूरजभान, लालाराम मुंदड़ा, शेर सिंह ठेकेदार, कृष्ण सुर्खपुर, बलबीर बॉस, राजेन्द्र सिंह, रामकिशन जांगड़ा, बल्लूराम लम्बरदार, पूर्व सरपंच जसवंत, जीतू राजोरा, कृष्ण सोनी, जितेंद्र प्रजापत , ब्लॉक समिति सदस्य राजेश चौहान, मातादीन, मुख्तयार अली, सतपाल, प्यारे लाल, लखजीत हासावास, विक्रम सिंह, मामन जखाला,राजीव कुमार,चंदर पाल , चंद्रपाल, विजय सिंह भुरियावास, संजय चौहान, यशवीर, रामनिवास सैनी, धर्मपाल सैनी आदि उपस्थित रहे।

# मां शीतला की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का होगा भव्य स्वागतः सुधीर सिंगला

**विधायक सुधीर सिंगला ने द्वारका एक्सप्रेस-वे पर तैयारियों का जायजा लिया**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने आगामी 11 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुग्राम आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभा स्थल और द्वारका एक्सप्रेस-वे पर जाकर डीसी निशांत कुमार यादव, एडीसी हितेश कुमार व पुलिस के अधिकारियों से तैयारियों के संदर्भ में चर्चा की। दौरे के दौरान विधायक के साथ पटौदी के विधायक पटौदी सत्य प्रकाश जरावता, विधायक सोहना संजय सिंह, प्रदेश प्रवक्ता जवाहर यादव, आईटी प्रमुख अरुण यादव, राव इंद्रजीत के सचिव नरेश शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुग्राम में भव्य स्वागत किया जाएगा। हरियाणा की धरती पर वे एक महीने में दूसरी बार आ रहे हैं। उनकी ओर से हरियाणा को बड़े प्रोजेक्ट का तोहफा पहले भी दिया गया और 11 मार्च को भी दिया जा रहा है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने आए प्रधानमंत्री ने हरियाणा को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी थी। अब वे गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने आ रहे हैं। 9000 करोड़ से अधिक के खर्च से बनाए गए इस एक्सप्रेस-वे को प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लोकसभा चुनावों की घोषणा होने के ठीक पहले इस एक्सप्रेस-वे की शुरुआत करके सिर्फ गुरुग्राम, दिल्ली ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों से आने वाले वाहन चालकों के लिए भी यह बड़ी सौगात होगी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के लिए 11 मार्च का दिन ऐतिहासिक होगा। इस कार्यक्रम को भव्य, दिव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी भी पूरी तैयारी कर रही है। मां शीतला की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया जाएगा। उनकी ओर से द्वारका एक्सप्रेस-वे पर रोड शो भी किया जाएगा। इसके बाद वे जनसभा को संबोधित करके राष्ट्र के नाम अपना संदेश देंगे।

# जरावता ने खंड पटौदी में करोडों रुपए से विकास कार्यो का शिलान्यास किया

**पटौदी विधानसभा के किसी भी गाँव में विकास कार्यो के लिए पैसो की कमी नहीं होने दूंगा**

**11 मार्च को पूरा गुरुग्राम जिला मनाएगा उत्साह : जरावता**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** शनिवार को अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता ने खंड पटौदी के बीडीपीओ ऑफिस पटौदी में निम्न विकास कार्यो का शिलान्यास किया गाँव खलीलपुर में 12 लाख रुपए की लागत से गली का शिलान्यास, गाँव खलीलपुर में 14 लाख रुपए की लागत से पाइप लाइन का उद्घाटन, गाँव शेरपुर में 18 लाख रुपए की लागत से गली का उद्घाटन, गाँव मंधपुरा में 10 लाख रुपए की लागत से नाले एवं 25 लाख रुपए की लागत से रास्ते का शिलान्यास, गाँव पथरेडी में 20 लाख रुपए की लागत से रास्ते (तावडू से बिलासपुर रोड से लाला भगत ढाणी) का शिलान्यास, गाँव खेतियावास से बीपीएल कॉलोनी लिंक रास्ते का 15.71 लाख रुपए की लागत से शिलान्यास (खेत खलियान), गाँव पथरेडी में 15.17 लाख रुपए की लागत से तावडू रोड से शमशान घाट सडक का शिलान्यास (खेत खलियान), गाँव सिधरावली में 10.64 लाख रुपए की लागत से ह॥-8 से भोडा खुर्द रास्ते का शिलान्यास (खेत खलियान), गाँव मौजाबाद में 29.54 लाख रुपए की लागत से मौजाबाद से हक्दारपुर रास्ते का शिलान्यास (खेत खलियान), गाँव इन्छापुरी में 20.48 लाख रुपए की लागत से इन्छापुरी से डाडावास रास्ते का शिलान्यास (खेत खलियान), गाँव तेलपुरी में 41.91 लाख रुपए की लागत से तेलपुरी से शेरपुर शुरी मार्ग लिंक रास्ते का शिलान्यास (खेत खलियान), गाँव नानू खुर्द में 43.16 लाख रुपए की लागत से नानू खुर्द से नानू कलां लिंक रास्ते का शिलान्यास (खेत खलियान), गाँव रंसिका में 29.46 लाख रुपए की लागत से रंसिका से साईं बाबा मंदिर लिंक रास्ते का शिलान्यास (खेत खलियान) किया जरावता ने बताया कि पटौदी विधानसभा के किसी भी गाँव में विकास कार्यो के लिए पैसो की कमी नहीं रहने दूंगा और अभी तो माननीय मनोहर लाल जी के नेतृत्व में ओर भी विकास कार्यो के उद्घाटन एवं शिलान्यास होंगे उल्लेखनीय है कि इस बजट सेसन के दौरान माननीय मनोहर लाल जी ने पटौदी विधानसभा में विकास कार्यो के लिए सैकड़ो-करोड़ रुपए मंजूर किए है तथा 150 करोड़ का प्रोजेक्ट जिसमे सामुदायिक केंद्र, व्यायामशाला, फिरनी, एससी चौपाल, शिव धाम योजना के तहत शमशान घाट एवं खेत खलियान के रास्ते इत्यादि माननीय मनोहर लाल जी के पास मंजूरी के लिए भेज दिए है इसी कड़ी में विधायक जरावता ने उपस्थित लोगो को गुरुग्राम में 11 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की रैली में आने लिए निमंत्रण दिया और बताया कि गुरुग्राम लोकसभा के लोगो मे काफी उत्साह और जोश है कार्यक्रम में महेश यादव जिला पार्षद, हितेश सरपंच इन्छापुरी, विकास सरपंच सिध्रावली, हरिदेव सरपंच खलीलपुर, प्रवीण सरपंच मंधपुरा, रणबीर ब्लाक समिति पार्षद, विनय ब्लाक समिति पार्षद, चंद्रभान सहगल चेयरमैन, जर्मन सैनी वाइस चेयरमैन, विकास वाइस चेयरमैन ब्लाक समिति, सत्तन सरपंच नानूखुर्द, लाला दौलताबाद, दयाराम मिलकपुर, नरेश कुमार बीडीपीओ, संजय एसडीओ पंचायती राज व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है कैनविन सिलाई व ब्यूटी पार्लर कोर्स सेंटरः नवीन गोयल




**कैनविन फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण को है समर्पितः डॉ. डीपी गोयल**

**द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन पर पीएम के कार्यक्रम में पहुंचने के लिए किया प्रेरित**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** राजेंद्र पार्क में कैनविन फाउंडेशन द्वारा संचालित कैनविन महिला कौशल विकास केंद्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एसीपी डा. कविता, मेदांता अस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डा. सुशीला कटारिया, पीएचसी पलड़ा से मेडिकल अधिकारी डा. नूतन यादव, महिला एवं बाल विकास विभाग की केंद्र व्यवस्थापक पिंकी मलिक ने शिरकत की। कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल ने उनका स्वागत व सम्मान किया।

यहां अतिथियों का स्वागत, सम्मान करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि कैनविन फाउंडेशन द्वारा शुरू कैनविन महिला कौशल विकास केंद्र मुहिम के तहत लगभग फ्री में ही महिलाओं के कौशल को निखारने की दिशा में एक नई पहल है। यहां पर 300 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आने वाले समय में यह महिलाएं अपने कौशल के बल पर आर्थिक रुप से सक्षम बनेंगी। कैनविन फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। हमारे गुरुग्राम में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और आगे बढ़ें, यही हमारा प्रयास है। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से गुरुग्रामवासियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह में पहुंचने का आग्रह किया।

डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमारा प्रयास महिला सशक्तिकरण करना भी है। गुरुग्राम के लोगों को चिकित्सा सुविधाएं देने के साथ महिलाओं को आगे बढ़ाना भी कैनविन का मकसद है। उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। डा. डीपी गोयल ने कहा कि महिलाएं समाज की धुरी होती हैं। ऐसी मजबूत धुरी के बिना मजबूत समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। महिलाओं में आत्मविश्वास भरपूर होता है। वह हर काम को पूरी तन्मयता, जिम्मेदारी से पूर्ण करती हैं। उनके नेतृत्व में देश के अनेक क्षेत्रों में आज निजी व सरकारी क्षेत्र में काम हो रहा है। देश की सेनाओं में भी महिलाओं ने अपनी क्षमता का परिचय कराया है। डा. डीपी गोयल ने कहा कि समाज में महिलाओं को उचित सम्मान मिलना ही चाहिए। महिलाओं को आगे बढ़ाना हमारा ध्येय होना चाहिए। इस अवसर पर समता सिंगला, रीना गहलोत, वंदना सिंगला, मंजू गोयल, आशा गगन गोयल, सतीश चोपड़ा, वैशाली तोमर, रीमा चावला, मोनिका गोयल, नीतू मंगल व अन्य जन उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने किया द्वारका एक्सप्रेस-वे का दौरा

**निगम अधिकारियों को सफाई, पेयजल तथा मोबाइल टॉयलेट की बेहतर व्यवस्था करने के दिए निर्देश**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** सोमवार 11 मार्च को गुरूग्राम में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के मद्देनजर नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने सुबह 9 बजे अधिकारियों की टीम के साथ द्वारका एक्सप्रेस-वे का दौरा किया तथा क्षेत्र में चल रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-8 से धनकोट चौक तक द्वारका एक्सप्रेस-वे के दोनों साईट का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सफाई करवा रहे सफाई शाखा के अधिकारियों के पास रूककर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस रूट पर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही रूट पर पर्याप्त पेयजल व्यवस्था तथा मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने रूट पर डस्टबिन उपलब्ध करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि निगमायुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए एरिया वाईज कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, मनोज कुमार व हरीश कुमार को निगरानी के लिए नियुक्त किया गया है। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त अखिलेश यादव व विजय यादव, कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार, हरीश कुमार व संजीव कुमार, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार, हरीश मेहता व संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।